जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 316 प्रभात चूरू, रविवार 16 मार्च, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# राहुल गाँधी एक सप्ताह की ''मैडिटेशन यात्रा'' पर वियतनाम गये

## राहुल को ''मैडिटेशन'' (ध्यान लगाने) की जरूरत इन दिनों कुछ ज्यादा ही नज़र आ रही है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है, कि हालांकि, राहुल की व्यक्तिगत लोकप्रियता, ''एक्सैप्टबिलिटी'' (जनता में स्वीकार्यता) बढ़ी है, पर वे अभी राज्यों में फैली अन्तर कलह व खेमेबाजी को सुलझाने में सफल होते नज़र नहीं आ रहे हैं।

■ बिहार में, उनकी मुख्य सहयोगी पार्टी उनसे काफी नाराज़ है, क्योंकि राहुल बिहार में कन्हैया कुमार व पप्पू यादव को पार्टी में आगे बढ़ाना चाह रहे हैं। वे इन दोनों को नेतृत्व सौंपने को भी तैयार हैं और आर.जे.डी. उनके इस फैसले को पसन्द नहीं कर रही है।

■ इसी प्रकार, अभी तक पंजाब के मुतल्लिक यह निर्णय नहीं ले पाये हैं, कि दलित नेता चन्नी को नेता बनवायें या किसी जट सिख को नेतृत्व सौंपें। राहुल व प्रियंका की पसन्द, दलित नेता चन्नी बुरी तरह हारे थे चुनाव में, क्योंकि, जट सिखों ने दलित को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं किया था।

■ अनिर्णय की स्थिति, गुजरात में भी है। पिछली बार राहुल अहमदाबाद में कह आये, कि, कांग्रेस का ही एक बड़ा खेमा, भाजपा का मददगार है, अतः इन गैर-वफादारों को पार्टी से निकाल देना चाहिए, उनकी संख्या चाहे जितनी बड़ी क्यों न हो। पर, उनके इस साहसी भाषण के बाद अभी तक गुजरात की कांग्रेस पार्टी में इस निर्णय की क्रियान्विति के बारे में कोई भी हलचल नहीं दिख रही।

नई दिल्ली, 15 मार्च। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष 11 मार्च से 18 मार्च तक वियतनाम में हैं और इधर संसद का सत्र चल रहा है।

वे कथित रुप से वियतनाम के आर्थिक मॉडल के अध्ययन के लिये वहाँ गये हैं। वहाँ का आर्थिक मॉडल मूलतः समाजवादी है, क्योंकि वियतनाम प्राथमिक रुप से एक कल्याणकारी देश है। लेकिन अन्दरुनी लोगों का कहना है कि वे वहाँ ध्यान करने के लिये गये हैं, क्योंकि वे ध्यान-प्रक्रिया से जुड़े हुये हैं तथा अपना काफी समय ध्यान में व्यतीत करते हैं।

जहाँ राहुल गांधी की स्वीकार्यता कुछ वर्गों में बढ़ रही है, लेकिन उनकी मुख्य समस्या यह है कि वे विभिन्न राज्यों और उनकी समस्याओं को ''हैंडल'' नहीं कर पाते हैं। और न उनके पास ऐसा कोई राजनैतिक सलाहकार है, जो उन्हें आधारभूत गलतियाँ करने से रोक सके।

राहुल गांधी के साथ लम्बे समय से यह समस्या बनी हुई है कि वे यह मानते हैं कि वे सबसे अच्छा स्वयं जानते हैं तथा उन्हें किसी सलाहकार की जरुरत नहीं है।

बिहार, जहाँ इस वर्ष के अन्त में चुनाव होने हैं, में राहुल गांधी बिहार की राजनीति में कन्हैया को उतार रहे हैं। जिस तरह से राहुल गांधी, कन्हैया और पप्पू यादव को बिहार में आगे बढ़ा रहे हैं, उससे बिहार में कांग्रेस का मित्र दल, आरजेडी अप्रसन्न है। राज्य कांग्रेस के नेताओं के गले भी यह बात नहीं उतर रही है। उनका कहना है कि इससे चुनावों में गठबंधन और कांग्रेस -दोनों को ही नुकसान होगा।

इसी कारण बिहार के कांग्रेस नेताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कम परीक्षा परिणाम देने पर प्रिंसिपल व व्याख्याता के खिलाफ हुई कार्रवाई रद्द

जयपुर, 15 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने विभागीय मापदंड से कम परीक्षा परिणाम देने पर प्रिंसिपल व व्याख्याता के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्रवाई को, सही नहीं मानते हुए, रद्द कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश प्रिंसिपल महेन्द्र तिवाड़ी व व्याख्याता नेमीचंद की याचिकाओं पर दिया।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता 2019-2020 में कोटखावदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,

■ राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रिंसिपल महेन्द्र तिवाड़ी और व्याख्याता नेमीचंद की याचिका पर यह आदेश दिए। दोनों कोटखावदा के सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में पदस्थ थे।

राम नगर में प्रिंसिपल था। इस साल का सीनियर टीचर्स का गणित व इंग्लिश विषय का परीक्षा परिणाम विभागीय मापदंड से कम आया, जिस पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने याचिकाकर्ता को चार्जशीट दी और जुलाई 2021 में उसकी दो वार्षिक वेतन वृद्धि भी रोक दीं। इसकी अपील करने पर प्रमुख शिक्षा सचिव ने दंड कम कर उसकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हम केन्द्र के शिक्षा बजट में हमारा शेयर देगें, पर हिन्दी का ''थोपना'' स्वीकार नहीं करेंगे'

## तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया, जो तमिलनाडु को केन्द्रीय शिक्षा बजट से मिलना था, पर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रोक दिया, क्योंकि तमिलनाडु ने नैशनल एजुकेशन पॉलिसी को स्वीकार नहीं किया

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी वित्त मंत्री के ''स्टैण्ड'' का पूरा समर्थन किया, और कहा, हम हमारे युवाओं को दो भाषा नीति से ही पढ़ायेंगे। क्योंकि तमिल व अंग्रेजी पढ़ाकर ही हमने उन्हें योग्य बनाया है, कि वे अपनी प्रतिभा व परिश्रम से अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छाये हुए हैं, तथा तमिल संस्कृति भी पूरी तरह सुरक्षित है।

नई दिल्ली, 15 मार्च। तमिलनाडु तथा केन्द्र सरकार के बीच भाषा युद्ध और तेज हो गया है। तमिलनाडु ने अपने बजट लोगो में रुपये का प्रतीक हटाकर, तमिल अक्षर ''रु'' का प्रयोग किया है। तमिलनाडु के भाजपा नेतृत्व ने इस पर विरोध की बौछार शुरु कर दी है।

भाजपा की तमिल इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई तथा तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदरराजन ने द्रमुक तथा उसके नेता स्टालिन को फटकार लगाते हुये, कहा है कि वे भाषा विवाद को हास्यास्पद स्तर तक ले जा रहे हैं। इन दोनों भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु सरकार के इस कदम को मूर्खतापूर्ण तथा उलटा असर करने वाला बताया है।

तमिलनाडु सरकार भारत के किसी भी राज्य की ऐसी पहली सरकार है, जिसने राष्ट्रीय मुद्रा के प्रतीक को ड्रॉप किया है। प्रसंगवश बता दें कि इस प्रतीक को एक तमिल व्यक्ति ने ही डिज़ायन किया था। राज्य और केन्द्र सरकार के बीच खराब होते जा रहे सम्बंधों के बीच तमिलनाडु का यह कदम स्तब्ध करने वाला है।

इस मामले में तमिलनाडु का अगला कदम क्या होगा, यह प्रश्न लोगों के दिलो-दिमाग को परेशान कर रहा है, क्योंकि दोनों ही पक्ष अपनी भौंहे टेढ़ी करते जा रहे हैं। केन्द्र इस बात पर अड़ा हुआ है कि राज्य को त्रिभाषा सूत्र की अनुपालना करनी ही होगी, और तमिलनाडु दशकों से इसका विरोध करता आ रहा है तथा द्विभाषा सूत्र को अपनाये हुये है।

इस समय अवरोध का मूल कारण यही है।

कल तमिलनाडु विधानसभा में पेश किये गये बजट में, राज्य के वित्त मंत्री थंगम तेनारासू ने 2000 करोड़ रु. का प्रावधान किया शिक्षा के मद में, किन्तु केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने तमिलनाडु को यह राशि दिये जाने से इसलिए इन्कार कर दिया, क्योंकि राज्य ने नैशनल एजुकेशन पॉलिसी स्वीकार नहीं की है।

बजट के लोगो में, रुपये के स्थान पर ''रु'' अंकित था, जो तमिल शब्द ''रूबई'' का प्रथम अक्षर है। यह अक्षर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुलिसकर्मियों ने नहीं खेली होली, अधिकारियों ने मनाया पर नहीं माने

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा, प्रदेश में होली शांति से सम्पन्न करवाने वाले खुद होली का बहिष्कार करने को मजबूर हैं

■ पायलट ने कहा, मेरा सरकार से आग्रह है कि पुलिसकर्मियों की प्रमोशन, वेतन, भत्ते व अवकाश की मांगों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाए।

■ प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पुलिसकर्मियों की लंबित मांगे पूरी करने की मांग की।

■ ज्ञातव्य है कि होली का त्यौहार शांति से सम्पन्न कराने के बाद होली के अगले दिन पुलिसकर्मी होली खेलते हैं पर इस बार पुलिसकर्मियों ने होली नहीं खेली, कर्मचारी संगठनों ने भी पुलिसकर्मियों का समर्थन किया।

जयपुर, 15 मार्च। अपनी लंबित मांगों का समाधान न होने से नाराज पुलिस कर्मियों ने होली नहीं खेली। अधिकारियों ने मनाने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने होली खेलने से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद कर्मचारी संगठनों ने भी सरकार से पुलिसकर्मियों की मांगों पर विचार करने का आग्रह किया। इस मामले में सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली सहित केबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी सरकार से इस मामले में दखल देने की मांग करते हुए लंबित मांगों पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

सचिन पायलट ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रदेशभर में होली संपन्न कराने में पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही है, लेकिन अब अपनी लंबित मांगों को लेकर वे खुद होली का बहिष्कार करने को मजबूर हैं। प्रमोशन, भत्ता बढ़ाने, अवकाश, स्थानांतरण पॉलिसी आदि को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। इन मुद्दों को लेकर आज राजस्थान के कई क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों ने होली मनाने से मना कर दिया है। पुलिसकर्मियों के हितों की मजबूती से पैरवी करते हुए सरकार से निवेदन है कि संवेदनशीलता से इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए।

पुलिसकर्मियों द्वारा होली बहिष्कार को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लिखा है कि ''पुलिसकर्मियों द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जेडीसी, जेडीए सचिव व जोन उपायुक्त जमानती वारंट से तलब

जयपुर, 15 मार्च। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने अदालती आदेश का पालन नहीं करने पर जेडीसी आनंदी, जेडीए सचिव निशांत जैन व ज़ोन उपायुक्त राकेश मीना को दस-दस हज़ार रुपए के जमानती वारंट से 29 मार्च को तलब किया है। आयोग के अध्यक्ष

■ जिला उपभोक्ता आयोग -द्वितीय ने अदालती आदेश का पालन नहीं होने पर जेडीसी आनंदी, जेडीए सचिव निशांत जैन व ज़ोन उपायुक्त राकेश मीणा का जमानती वारंट जारी किया।

ग्यारसीलाल मीना ने यह निर्देश नकुलेश्वर दत्त के अवमानना प्रार्थना पत्र पर दिया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 29 अक्टूबर 2024 को उपभोक्ता आयोग ने जेडीए को निर्देश दिए थे कि वह एक महीने में भूखंड का कब्जा परिवादी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस बातचीत से पहले यूक्रेन का अधिकतम हिस्सा दबा लेना चाहता है

## इसी रणनीति के तहत रूस कोई खास तत्परता नहीं दिखा रहा, समझौते की बातचीत के लिए सजाई गई टेबिल पर बैठने के लिए

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ अमेरिका की टीम युद्ध विराम का समझौता तैयार करने के लिए मॉस्को पहुंच चुकी है। टीम का स्वागत करने जब पुतिन आये, तो पूरी तरह से सैनिक वर्दी में थे, तथा घूम-गूम कर अपने सेना के कमाण्डरों से बातचीत व हंसी मज़ाक कर रहे थे।

■ अमेरिका की टीम जिस हवाई अड्डे पर उतरी है, वह यूक्रेन का हिस्सा था। अतः रूस का मकसद था, यह जताना कि युद्ध भूमि में स्थिति उसके नियंत्रण में है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की टीम के उच्चाधिकारी यूरी उषाकोव ने कहा, ''हम ने अमेरिका-यूक्रेन की सऊदी अरब में हुई वार्ता को गहराई से देखा व समझा है, यह और कुछ नहीं एक अस्थाई ''सीज़ फायर'' है, स्थाई समझौते के रूप में हमें कतई स्वीकार नहीं है।''

नई दिल्ली, 15 मार्च। जब यूक्रेन - रुस वार्ता के लिए गुरुवार को यू.एस प्रैसिडैंट के विशेष दूत मॉस्को पहुँचे तो रुस के राष्ट्रपति ने अपनी शक्ति और हठधर्मिता का पूरा प्रदर्शन किया। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को जब रुस के वनुकोवो हवाई अड्डे पर पहुँचे, उसी समय रुस के राष्ट्रपति ने कुर्स्क क्षेत्र और उसके सबसे बड़े शहर सुदझा का दौरा किया, जो पहले यूक्रेनियों के कब्जे में था।

पुतिन सैन्य वर्दी में थे और रुसी सैन्य कमाण्ड का दौरा करते हुए वो स्थानीय कमाण्ड प्रमुखों से मिले। उन्होंने रुसी श्रेष्ठता का एक मजबूत संदेश दिया और यूक्रेन की ओर से लड़ने वाले विदेशी मिलिशिया को कड़ी कार्यवाही और प्रतिशोध की चेतावनी दी।

पुतिन ने स्थानीय क्षेत्र में किए गए प्रदर्शनों में ताकत और निर्दयता की छवि पेश करने की कोशिश की। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य, यूक्रेन में रुस की उपस्थिति तथा रुसी सेना की अपराजेयता को किसी भी तरह के खतरे को चेतावनी देना था।

यह सब, आगामी वार्ताओं में सौदेबाजी के लिए किया गया था। अमेरिका, सऊदी अरेबिया में यूक्रेनियों के साथ बातचीत के बाद मॉस्को में बातचीत करने वाला है। कुछ शीर्ष अमेरिकी राजनयिक और रणनीतिकार रुसियों के साथ वार्ता करने के लिए मॉस्को आ रहे हैं।

जहाँ अमेरिका, अपने राष्ट्रपति के पहले के इन दावों को, कि अगर वे राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं होता, या फिर वे युद्ध को जल्दी समाप्त करवा देंगे, सही साबित करने का जी तोड़ प्रयास कर रहा है, वहीं, रुस के शीर्ष राजनयिक इस संपूर्ण पहल पर पानी फेर रहे हैं।

रुसी राष्ट्रपति के सहायक, यूरी उशाकोव ने कहा, कि उन्होंने सउदी अरब में हुई अमरीकी -यूक्रेनी वार्ता और जो स्थिति बनी, उसके बारे में जानकारी ली थी। उन्होंने कहा कि संभावित आसान समझौता, ''यूक्रेनी मिलिटरी के लिए एक अस्थाई राहत'' से ज्यादा कुछ नहीं था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह का समझौता रुसियों को स्वीकार्य नहीं था।

अमरीकियों ने पहले कहा था कि यूक्रेन ने अमरीकी प्रस्तावों को स्वीकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक दिन पहले ही विपश्यना शिविर छोड़ा केजरीवाल ने

होशियारपुर, 15 मार्च। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजब और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को होशियारपुर से करीब 11 किलोमीटर दूर आनंदगढ़ गांव में धम्म धजा विपश्यना केंद्र (डीडीवीसी) में 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने से पहले ही रवाना हो गए।

■ आप प्रवक्ता ने बताया कि केजरीवाल ने अपने मैडिटेशन टीचर से छुट्टी लेकर शिविर छोड़ा है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल कल रात यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचीं और आज सुबह डीडीवीसी गईं। इसके बाद केजरीवाल और उनकी पत्नी सड़क मार्ग से जालंधर के लिए रवाना हो गए।

उन्हें विदा करने के लिए सांसद डॉ. राज कुमार, पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और विधायक ब्रह्म शंकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जबरदस्ती व विरोध नहीं, दया व करूणा के पुल से दूरियां घटती हैं

## कैडबरी डेयरी मिल्क ने विज्ञापन में नॉर्थ व साउथ के भाषा विवाद का नाज़ुक समाधान दिखाने की हिम्मत दिखाई, जबकि, बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ फेल हो गये

-सुकुमार शाह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ विज्ञापन के शुरू होते ही एक साधारण रोज़मर्रा के दृष्टि से, गृहणियां आपस में बातचीत कर रही हैं हिन्दी में, तभी एक तमिल भाषी नई पड़ौसन बातचीत से जुड़ती है। एक गृहणी ने नई पड़ौसन की थोड़ी सी उलझन समझते हुए इंग्लिश में बोलना शुरू कर दिया, जिससे नई पड़ौसन भी बातचीत में शामिल हो जाये, यह एक छोटी सी संवेदनशील चेष्टा, कारगर साबित हुई, जबकि भाषा के विवाद ने देश को एक युद्ध भूमि बनाकर रख दिया है।

■ कैडबरी के विज्ञापन ने देश की अन्तरआत्मा को झकझोर तो दिया, कुछ क्षणों के लिए। पर, यह केवल एक चतुर विज्ञापन ही है, जो सही समय पर आया और चर्चित हो गया।

नई दिल्ली, 15 मार्च। एक ऐसा देश है, जहां भाषा संवाद का जरिया होने से कहीं अधिक पहचान, संस्कृति का प्रतीक है और अब तो राजनैतिक निष्ठा का भी प्रतीक बन गई है, वहीं कैड्बरी डेयरी मिल्क का नया विज्ञापन तीखी बहस का मुद्दा बन गया है। इस समय जबकि उत्तर भारत और दक्षिण भारत में भाषाई तनाव पनप रहा है, ऐसे में इस ब्रांड ने एक कोमल, किंतु सशक्त रूख अपनाया है। यह विज्ञापन कहता है, जोर-जबर्दस्ती या विरोध करने से नहीं, बल्कि ''प्रेम'' से मतभेद की खाई भरती है।

यह विज्ञापन ऑन लाइन काफी लोकप्रिय हो रहा है, इसमें रोजमर्रा का परिदृश्य दिखाया गया है, कुछ महिलाएं हिंदी में गपशप कर रही हैं कि तभी एक तमिल भाषी पड़ौसन उनके साथ शामिल हो जाती है। उनमें से एक महिला देखती है कि तमिल महिला भाषा समझ नहीं पाने से परेशान लग रही है तो वह अंग्रेजी में बोलती है, ताकि वह महिला भी खुद को गपशप का हिस्सा महसूस कर सके। यह एक छोटी सी कोशिश है, पर इसमें एक सामाजिक राजनैतिक संदेश है, वो भी ऐसे देश में, जहाँ भाषा अक्सर युद्ध का मैदान बन जाती है।

कई दशकों से भारतीय राजनीति में हिंदी भाषा थोपने का विवाद चल रह है। केन्द्र सरकार हिंदी की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण बनाना चाहती है, चाहे वह सरकारी काम हो या प्रतियोगी परीक्षाओं में या शिक्षा नीति में। पर तमिलनाडु व दक्षिण भारतीय राज्यों में इसका कड़ा विरोध किया जाता है, जहां क्षेत्रीय दल, खासकर द्रमुक इन प्रयासों को अपनी भाषा और सांस्कृतिक विरासत के लिए खतरे के रूप में देखते हैं। तमिलनाडु बार-बार नैशनल एजुकेशन पॉलिसी के त्रिभाषा फॉर्मूला को ठुकरा रहा है और उसने साफ कर दिया है कि तमिलनाडु में हिंदी का स्वागत नहीं होगा।

इस बेहद संवेदनशील विषय पर एड बना कर कैड्बरी डेयरी मिल्क भी राजनैतिक विवाद में प्रवेश कर गई है, पर टकराव का रूख अपनाए बिना। नॉर्थ-साउथ में उसने किसी का भी पक्ष नहीं लिया है, उल्टे भाषाई सद्भाव को दर्शाया है। संदेश साफ है, किसी को अपनाना जबरन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह प्रेम और करुणा से किया जा सकता है।

एक ब्रांड जो लम्बे समय से रिश्तों की गर्माहट और सबको साथ लेकर चलने के रूख पर चलता है, उसका यह विज्ञापन उसकी कॉरपोरेट पहचान को दर्शाता है। लेकिन क्या यह बहुत सर्तकता से उठाया गया मार्केटिंग का कदम है या फिर भारत में भाषाई विवाद में द्वंद में पड़ने का प्रयास है, इस पर बहस जारी है।

इस विज्ञापन पर ऑन लाइन प्रतिक्रियाओं की बाढ़ सी आ गई है। कई दर्शकों ने इसकी तारीफ की और कहा कि यह सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है, वो भी स्वाभाविक तरीके से, ज़ोर जबर्दस्ती से नहीं। एक दर्शक ने कहा ''मैं दक्षिण-उत्तर भारतीय भाषा विवाद को नहीं जानता, पर मैं इस ग्रेट विज्ञापन को मानता हूं। डेयरी मिल्क हमेशा सही नस पकड़ता है।'' एक अन्य दर्शक ने इसकी तारीफ कर इसे खूबसूरत और प्रशंसनीय विज्ञापन बताया।

लेकिन कुछ आलोचनाएं भी हैं। कुछ लोगों ने परिदृश्य की व्यवहारिकता पर सवाल उठाया। एक यूज़र ने कटाक्ष किया ''तो मैं ओडिशा के किसी गांव में जाऊं तो वहां यह उम्मीद करूं कि मेरी सुविधा के लिए वो अंग्रेजी में बात करेंगे।'' एक अन्य ने कहा ''संस्कृत क्यों नहीं, यह देवताओं की भाषा है, इसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चारागाह भूमि से कब्जा नहीं हटा, जिला कलैक्टर रिकॉर्ड सहित तलब

जयपुर, 15 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने झुंझुनूं की चिड़ावा तहसील की चारागाह भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने के मामले में जिला कलेक्टर,

■ हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने चिडावा तहसील की चारागाह भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने के मामले 25 मार्च को जिला कलैक्टर सहित एसडीओ और तहसीलदार को तलब किया है।

एसडीओ और तहसीलदार को 25 मार्च को तलब किया है। अदालत ने अधिकारियों से मामले का संपूर्ण रिकॉर्ड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जब पैसा बोलता है तब सत्य मौन रहता है। –कहावत**

# वनानुभव

प्रकृति-अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर-औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2022 में प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

जैसा कि पूर्व में बताया गया था, संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3, 26-30, च.चि.4.106-109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर- अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेलकपलान और स्टेफेनकपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण-आधारित लेखा जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं।

आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि मानव और संसारएक समान हैं (च.शा.5.3: पुरुषोऽयंलोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3: लोकपुरुषयोःसामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोकेसममनुपश्यतः सत्या बुद्धिःसमुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायोहि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति-अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छीनिद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव-चिकित्सा (वनों में घूम-फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवार्यर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे-जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉजमोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग-अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

**आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है।**

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन मेंविश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99 प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88 प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12 प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजसरुएडा आदि, द लैंसेटप्लेनेटरी हेल्थ, 3,11:ई469-ई477,2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर1.19 करोड़(11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा-एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1):337-361, 2022)। एक अन्य मेटा-एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर-औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन-आधारित गैर-औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकड़ों को लेकर की गई मेटा-एनालिसिस सिद्ध करती है कि ग्रीन-स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513,2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की और है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रिहत में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है।

उधर रुस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रुस के बीच हो, यही कारण है कि रुस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है।

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं।

उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके। हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है। यह दूसरी बात है कि अमेरिका-रुस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है।

नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की और अधिक ध्यान केन्द्रीत होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं। इसका कारण भी साफ है। उर्जा के क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिषत तक कच्चे माल या सहायक के रुप में भूगर्भ की खनिज संपदा की भागीदारी है।

आज दुनिया के 90 प्रतिशत रेयर अर्थ पर चीन की मोनोपोली है। दुनिया में खनिज संपदा के क्षेत्र में चीन शीर्ष पर है। चीन में 4.6 बिलियन टन प्रतिवर्ष, दूसरे नंबर में अमेरिका 2.2 बिलियन टन, तीसरे नंबर पर रुस 1.7 बिलियन टन और चौथे नंबर पर आस्ट्रेलिया 1.4 बिलियन टन सालान खनिज संपदा का उत्पादन कर रहे हैं। चीन की संपन्नता का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर के अमेरिका की तुलना में चीन में लगभग दो गुणा अधिक खनिज संपदा का उत्पादन हो रहा है।


कनाडा और यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ठोफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया। हांलाकि 2021 में भी अफगानिस्तान से समझौते की पहल अमेरिका से कर चुका है। अभी भी अमेरिका की अफगानिस्तान की खनिज संपदा पर पूरी नजर है और अमेरिकी-रुस नजदीकी के प्रयास इस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

यह साफ है कि आज रिचार्जेबल बेटरी, मोबाईल, कम्प्यूटर चिप, हवाई जहाज के उपकरणों में उपयोग होने वालों के साथ ही उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपयोग के खनिज भण्डार है। दुनिया के देश आज कच्चे माल के रुप में चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता कम करने के साथ ही अमेरिका अपना वर्चस्व बनाने के लिए संभावित सभी देशों पर योजनावद्ध तरीके से दबाव बना रहा है ताकि बदलती औद्योगिक सिनेरियों में अमेरिका की तूंती और अधिक तेजी से बज सके और अन्य देश अमेरिका पर निर्भर हो सके। अमेरिका खनिज संपदा का आर्थिक सामाजिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बनाना चाहता है और इस तरह से वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए योजनावद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**(वरिष्ठ लेखक)**

# 174वां बादशाह मेला धूमधाम से मनाया, गुलाल रूपी खर्ची लेने उमड़े लोग

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के महिला, पुरुष और बच्चों ने मस्ती के साथ मेले का आनंद लिया



**ब्यावर के बादशाह मेले का महिला-पुरुषों सहित बच्चों ने जमकर आनंद लिया।**

**■ सन् 1851 से नगर में प्रारम्भ हुआ यह मेला सभी समुदाय के लोगों का त्यौहार है**

**ब्यावर, (निसं)।** शहर का ऐतिहासिक और पर्यटक 174 वां बादशाह मेला धूमधाम से मनाया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के महिआ, पुरुष और बच्चों ने पूरी मस्ती के साथ मेले का आनंद लिया। मेला संयोजक सतीश शर्मा के निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से आकर्षक रही।

बादशाह की बोली स्थानीय बंशी भवन में लगाई गई, जिसमें चंद्रशेखर उर्फ़ चंदू अग्रवाल बादशाह बने। बादशाह के वज़ीर गुलाब चंद अग्रवाल और बीरबल मुकेश उपाध्याय बने। वहीं दोपहर भैरू जी के खेजड़े पर ठंडाई वितरण का कार्यक्रम हुआ और सवा तीन बजे बादशाह की सवारी प्रारम्भ हुई। सवारी पांच बत्ती, महादेव जी की छतरी, अजमेरी गेट होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुँची जहाँ बादशाह और प्रशासन के मध्य जमकर गुलाल युद्ध चला। रात्रि सवा आठ बजे कलेक्टर परिसर में ही कलेक्टर को नगर विकास हेतु फरमान ज़ारी किया गया जिसे कलेक्टर महेंद्र खड़गावत द्वारा स्वीकार करते हुए पालना हेतु आश्वासन दिया। रात्रि आठ बजकर पेंतालिस मीनिट पर सवारी नगर परिषद मार्ग स्थित अग्रसेन भवन पहुंची। सवारी प्रारम्भ होने से पूर्व लोहरान चौपड़ पर जीनगर समाज द्वारा कोड़ामार होली खेली जाती है जिसमें रंगों से भरे बड़े कड़ाह से रंग लेकर देवर अपनी भाभी पर रंग डालने का प्रयास करते हैं और बदले में भाभी उन्हें कपड़े से बने कोड़े से मारती हुई बचने का प्रयास करती है।

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में मुगलों का शासन काल वैसे तो काल युग कहलाता रहा है लेकिन अकबर बादशाह के समय में उनके नवरत्नों में से एक टोडरमल अग्रवाल को ढाई दिन की बादशाहत मिलने की याद को ताजा करने के उद्देश्य से धूलण्डी के दूसरे दिन ब्यावर नगर में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक व कौमी एकता का प्रतीक यह मेला प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से जनसहयोग द्वारा अग्रवाल समाज में तत्वाधान में मनाया जाता है। सन् 1851 से नगर में प्रारम्भ हुआ यह मेला सभी समुदाय के लोगों का एक ऐस त्यौहार है, जिसमें बादशाह को सजाने संवारने का कार्य माहेश्वरी समाज के बंधु करते है।

भांगयुक्त ठंडाई बनाने का कार्य जैन समाज के निर्देशन में उनका सेवक करता है तथा इसका विरतण नगर के प्रमुख बाजारों में प्रसाद के रूप में किया जाता है। प्रसिद्ध बादशाह मेले में बादशाह द्वारा लुटाई जाने वाली गुलाल को "बादशाह खर्बो दें" के नाम से सोने की अशर्फियों की तहर नगर के लोग लूटने को तत्पर दिखाई देते हैं। ऐसी मान्यता है कि वह अपनी तिजोरी व दुकान के गल्ले में इस आशय के साथ रखते हैं कि उनके कारोबार में वृद्धि के लिए यह लाभकारी हैं तथा यह माना जाता है कि इसे रखने से खजाना कभी खाली नहीं होता। ब्यावर से लगभग 100-150 किलोमीटर आस-पास के क्षेत्रों विशेषकर ग्रामीण अंचलों के लोग समूह में ढोल-चंग की थाप पर होली के मधुर गीतों के साथ नाचते गाते मेले की शोभा बढ़ाते है। नगर का मुख्य बाजार हजारों लोगों की उपस्थिति में गुलालमय हो जाता है। सैकड़ों मण लाल रंग गुलाल की चादर नगर की सड़कों पर बिछ जाती है। सभी एक दूसरे पर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते हैं। नगर की महिलाएं एवं बच्चे सम्पूर्ण बाजार की छतों पर बैठकर इन मनोहारी दृश्यों का आनन्द लेते हैं। सुहानी शाम से प्रारम्भ हुआ यह मेला शाम तक चलता है।

नगर के प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय परिसर में जिला कलेक्टर से गुलाल खेलते है व नगर विकास का आदेश देते हैं। तदन्तर जिला कलेक्टर बादशाह का सम्मान करते हुए राजकीय कोष से बीरबल को नारियल व मुद्रा के रूप में नजराना पेश करते हैं। यह आदेश ब्यावर के संस्थापक कर्नल डिक्सन के समय से प्रभावी है। इस मेले की महत्ता को देखते हुए राजस्थान पर्यटन विभाग ने पर्यटक मेले के रूप में मान्यता दे रखा है।

# बीकानेर स्टेशन से समय से पहले निकली ट्रेन

**बीकानेर, (निसं)।** यहां रेलवे स्टेशन से एक ट्रेन अपने निर्धारित समय से पहले रवाना हो गई। बीकानेर से शिरडी साईनगर की ओर जाने वाली इस ट्रेन का समय दोपहर 13.30 बजे था लेकिन ये 12.10 पर ही बीकानेर स्टेशन से निकल गई। हालांकि, रेलवे ने इसके लिए यात्रियों को सूचना भी दी लेकिन ये सूचना भी 11.26 बजे मिली। इस मैसेज के बाद यात्रियों को स्टेशन पहुंचने के लिए महज पौन घंटा मिला। इस मुद्दे पर पक्ष लेने के लिए रेलवे प्रवक्ता शशि किरण को कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने रिस्पोंस नहीं दिया। वहीं स्थानीय अधिकारियों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार ऐसा कभी नहीं होता कि कोई रेल समय से पहले अपने स्टेशन से रवाना हो जाए। आमतौर पर रेल समय से पहले कई बार पहुंच जाती है, लेकिन रवाना अपने समय पर ही हो सकती है। शिड्यूल में अचानक परिवर्तन के कारण उन सभी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जिन्होंने इस ट्रेन के लिए आईआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बनवाया था। यात्रियों का कहना है कि रेल निकलने के बाद किसी तरह का रिफंड आईआरसीटीसी नहीं देता। ऐसे में वो इसके लिए क्लेम भी नहीं कर पा रहे हैं। बीकानेर से जयपुर के लिए ही एक हजार रुपए से अधिक का खर्च आता है। ऐसे में यात्रियों को इस रिफंड के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

बीकानेर से शिरडी तक जाने वाली ट्रेन का समय 12.10 ही था लेकिन इसका शिड्यूल हाल ही में बदल दिया गया। इसी बदले हुए शिड्यूल के आधार पर ऑनलाइन टिकट जारी कर दिए। उधर, रेलवे ने बदले हुए शिड्यूल को आगे बढ़ा दिया, यानी फिलहाल पुराने समय पर ही रेल चलाने का निर्णय कर लिया।

इसी रेल में बीकानेर से जयपुर जाने के लिए डॉ. पूर्वा ने भी टिकट बनाया। उसे 11.26 बजे मोबाइल पर मैसेज मिला कि उसकी रेल का समय रि-शिड्यूल किया गया है। लिंक पर जाकर देखा तो समय 12.10 बताया गया। डॉ. पूर्वा ने ये मैसेज ही सवा बारह बजे देखा था। सभी साइट्स देखने पर इस रेल का अलग-अलग समय बताया गया। उसे जयपुर में अर्जेंट काम के कारण फिर पर्सनल कार से परिचित के साथ जाना पड़ा।

## राशिफल रविवार 16 मार्च, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र दिन 11:45 तक, वृद्धि योग दिन 2:48 तक, गर करण सायं 4:59 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:15 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 11:45 तक है। द्विपुष्कर योग दिन 11:45 से सायं 4:59 तक है। राजयोग दिन 11:45 से सूर्योदय तक है। आज बुध अस्त पश्चिम में रात्रि 12:04 तक होगा। आज भाईदोज और कमलदान पूजा, चित्रगुप्त पूजा और सन्त तुकाराम जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर दिन 8:08 से 9:37 तक, लाभ-अमृत 9:37 से 12:36 तक, शुभ 2:05 से 3:34 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:34, सूर्यास्त 6:32

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। शुभ-मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि का भय है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज पारिवारिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**धनु**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

## रथ यात्रा आज झुंझुनूं पहुंचेगी

**झुंझुनूं,** । श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत निकाली जा रही श्रीकृष्ण रथ यात्रा महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज व संयुक्त भारतीय धर्म सद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर के सानिध्य में प्रदेश भर के भ्रमण करते हुए 16 मार्च रविवार को दोपहर तीन बजे झुंझुनूं पहुंचेगी। उमाशंकर महमिया ने बताया कि यात्रा राणी सती रोड स्थित रामलीला पार्क में पहुंचने पर चंचलनाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में पुष्प वर्षा के साथ रथ में विराजमान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की संगीतमय आरती की जाएगी। जिसके बाद साधु संतों का स्वागत सम्मान किया जाएगा। विदित हो श्री कृष्ण रथ यात्रा गुजरात से चार मार्च को रवाना होकर गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश होते हुए 23 मार्च को मथुरा पहुंचेगी। यह यात्रा लगभग 3100 किलोमीटर की होगी। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं जिले में यात्रा रविवार सुबह सवा दस बजे नवलगढ़ से प्रवेश करेगी। इसके बाद नवलगढ़ में स्वागत होगा। वहीं दोपहर 12 बजे डूंडलोद में रथ पूजन होगा। दोपहर तीन बजे झुंझुनूं, शाम साढ़े चार बजे चिड़ावा तथा छह बजे पिलानी पहुंचेगी। रात्रि विश्राम पिलानी में होगा।

# झुंझुनूं में 88 भामाशाहों को शिक्षाश्री पुरस्कार

- 12600 किमी दूर कैलिफोर्निया रहने वाली मनोरमा राणा भी पहुंची झुंझुनूं
- चिड़ावा प्रिंसिपल प्रदीप मोदी और टोंक छिलरी प्रिंसिपल संजू नेहरा समेत 30 को मिला शाला प्रेरक पुरस्कार

**झुंझुनूं,** । शनिवार को शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय भामाशाह पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों की सुविधाओं को बढाने में अपनी गाढी कमाई से पैसा खर्च करने वाले 88 भामाशाहों को शिक्षाश्री का सम्मान दिया गया। वहीं इन्हें प्रेरित करने वाले 30 शिक्षकों को शाला प्रेरक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुइया सिंह थे।

अतिथियों का डीईओ एलीमेंट्री मनोज ढाका ने स्वागत किया। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि शिक्षाश्री का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए 12600 किमी दूर यूएस के कैलिफोर्निया से भी शिक्षाप्रेमी मनोरमा राणा झुंझुनूं पहुंची। मनोरमा राणा, घरड़ाना खुर्द चिड़ावा निवासी फ्रीडम फाइटर रक्षपाल सिंह राव की बेटी है। जो सालों से अपने परिवार के साथ कैलिफोर्निया में रहती है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने और शिक्षाश्री का पुरस्कार लेने वे झुंझुनूं पहुंची। उन्होंने अपनी गांव की सरकारी स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करने में आर्थिक सहयोग दिया। वहीं अपने भाइयों को प्रेरित कर इसी स्कूल में 20 लाख रूपए की लागत से लाइब्रेरी का निर्माण करवाया। इसके अलावा भी समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें और अन्य सामान वे भेजती रहती है। इधर, चिड़ावा की अडूकिया स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप मोदी तथा टोंक छिलरी स्कूल की प्रिंसिपल संजू नेहरा समेत 30 शिक्षकों व शिक्षिकाओं को शाला प्रेरक के रूप में सम्माानित किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने सभी शिक्षा श्री पुरस्कार प्राप्त भामाशाहों और शाला प्रेरकों को बधाई दी। साथ ही उन्हें अपना सहयोग आगे भी जारी रखने, अन्य भामाशाहों को प्रेरित करने का आ ान किया। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि सरकारी स्कूलों के नामांकन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।

पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने भी इस अवसर पर भामाशाहों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के सभी सक्षम लोग शिक्षा के उत्थान में अपना योगदान दें, तो आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और समाज समठा रूप से उन्नित करेगा। आपको बता दें कि शनिवार को सम्मानित हुए भामाशाहों ने 2024-25 वित्तीय वर्ष के दौरान जिले की विभिन्न सरकारी स्कूलों में एक लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक का आर्थिक सहयोग दिया। जिससे कुल मिलाकर लगभग सात करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न विकास कार्य करवाए गए। सम्मान समारोह के दौरान भामाशाहों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी सरकारी विद्यालयों की स्थिति को सुधारने के लिए हर संभव सहायता देंगे। कई भामाशाहों ने विद्यालयों को डिजिटल उपकरण, स्मार्ट क्लास और पुस्तकालय की सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। इस मौके पर एसडीएम हवाई सिंह यादव, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, समाजसेवी कृष्ण गावड़िया, सीए डॉ. रोहित चौधरी, प्रसिद्ध मूर्तिकार मातूराम वर्मा, पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया आदि मौजूद थे।

## राजस्थान दिवस 30 को

**झुंझुनूं,** । राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा घोषणा की गई है कि अब आगे से राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाएगा। जो कि लिखाई रूप से प्रति वर्ष 30 मार्च को मनाया जाता है। सनातन संस्कार एवं लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस ऐतिहासिक एवं अभिनव घोषणा के लिए झुंझुनूं नव वर्ष समारोह समिति के सचिव राजकुमार मोरवाल, सुरेंद्र सिंह बड़ाऊ, मुकेश हलवाई सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है और निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त कर बहुत बहुत धन्यवाद दिया है। ज्ञात रहे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाया जाए। इस आठाह के लिए झुंझुनूं में गत 17 वर्षों से नव वर्ष समारोह समिति प्रतिवर्ष विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित करती है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 29 मार्च को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होगा। जिसमें देश के नामचीन कवियों की उपस्थिति रहेगी। आपको बता दें कि गत दिवस विधनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 1949 में नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा रेवती नक्षत्र इंद्रयोग के दिन लौहपुरूष सरदार पटेल द्वारा विभिन्न रियासतों को मिलाते हुए वृहद राजस्थान की स्थापना का गई थी।

## शाकंभरी महोत्सव में बिखरे होली के रंग

**मुकुंदगढ** । कस्बे के वार्ड दो स्थित पचलंगिया भवन में मैया शाकंभरी का वार्षिक बसंत महोत्सव मनाया गया। दिनभर चले कार्यक्रम में गायकारों ने भजनों के साथ फागुनी धमालों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मैया का दरबार सजाया गया। पंडित ज्ञानप्रकाश सुरोलिया व पंडित महेश शर्मा के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। गीता भवन के संत त्यागी महाराज, संत सुंदरनाथ व संत योगी मोहननाथ के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में गायकार सुभाष शर्मा, संपत शर्मा, पवन सैन, रजनीश पांडे, रामेश्वरलाल सीकर, प्राचार्य राजाराम सुरोलिया, भीमसिंह बड़गुर्जर, सुरेश नूआंवाला, सुरेंद्र शर्मा, बंदू पारीक, आशीष गुर्जर आदि ने भजनों के माध्यम से मैया की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई। व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया ने साधु संतों का शॉल ओढाकर व माल्यार्पण कर सम्मान किया व आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रधान गजाधर ढाका, समाजसेवी कैलाश चोटिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा सीकर, विद्युत निगम के रिटायर्ड एसई आरपीएस ढाका, चेयरमैन मनीष चौधरी, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, पबाना सरपंच विजेंद्र सिंह डोटासरा, ब्राहमण समाज कार्यवाहक जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया, भाजपा नेता महेश बसावतिया, कांतिप्रसाद ढंढ, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष संतोष शर्मा, पार्षद राजकुमार चेजारा, रमेश दर्जी समेत विशिष्टजनों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## शिक्षक संघ सियाराम की बैठक आज

**झुंझुनूं,** । राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला झुंझुनूं की बैठक 16 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिटी झुंझुनूं में आयोजित होगी। जिसमें समस्त जिला कार्यकारिणी, उप शाखा अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, जिले में कार्यरत समस्त प्रदेश कार्यकारिणी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में शिक्षक हितों के समस्त मुद्दों, 2024-25 की सदस्यता व रशीद बुक वितरण, संगठन के भूखंड एवं उसमें निर्माण कार्य, प्रदेश सम्मेलन का आय व्यय विवरण तथा उप शाखा एवं जिला शाखा कैश बुक सत्यापन आदि विभिन्न शिक्षकों से संबंधित विषयों पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी तथा भावी आंदोलन की रणनीति पर विचार किया।

# हनुमान जयंती पर दो दिन होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** । चूरू बाईपास स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होगें। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत पहले दिन 11 अप्रेल को भक्ति संगीत से ओत-प्रोत नृत्य नाटिका का कार्यक्रम होगा। वहीं 12 अप्रेल को मंदिर परिसर में रंगारंग मेले का आयोजन होगा। मंदिर ट्रस्ट की बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। बालाजी महोत्सव की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मंदर ट्रस्ट के नरेशचंद्र गाडिया ने बताया कि दोनों दिवस के कार्यक्रम यूट्ययूब पर लाइव दिखाए जाएंगे। जिसमें भक्ति संगीत कार्यक्रम में बंटी तिलकधारी एंड पार्टी नई दिल्ली के कलाकारो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इसके लिए बालाजी दरबार के सामने ठााउंड में मंच एवं बैठक की व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव के तहत 12 अप्रेल को बाबा का रंगारंग मेला लगेगा। इस अवसर पर बालाजी के दरबार का नयनाभिराम शृंगार किया जाएगा। दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में फूलों की आकर्षक सजावट की जाएगी। सुजानगढ़ के डेकोरेटर द्वारा मंदिर के शिखरबंद और प्रांगण को रोशनी से जगमग किया जाएगा। रेवाड़ी के नामी कलाकारों द्वारा संजीव झांकियां सजाई जाएगी। मेला स्थल पर जोधपुर के प्रसिद्ध हवाई झूले और खाने-पीने की स्टॉल लगाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में सुरेंद्र राणासरिया, श्यामसुंदर गाडिया, विजय गाडिया, विनोद टीबड़ा, संपत गाडिया, संजय जगनानी, अतुल गाडिया, संदीप टीबड़ा, प्रमोद गाडिया, शशिकांत टीबड़ा, सुमित गाडिया, अनिल केडिया, मुकेश ढेढिया, सुधीर टीबड़ा, मनोज व्यास, नीरज पुरोहित आदि शामिल हुए।

# विश्व उपभोक्ता दिवस का शुभारंभ

- रंगोली के जरिए उन्होंने उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1915 का संदेश दिया

**झुंझुनूं,** । विश्व उपभोक्ता दिवस के मौके पर उपभोक्ता को जागरूक करने के लिए हर जगह विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। इसी क्रम में झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील की पहल पर इस बार विश्व उपभोक्ता व उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। शनिवार को इस मनाए जाने वाले सप्ताह के पहले दिन कलेक्ट्रेट परिसर में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें स्काउट-गाइड के प्रतिभागियों ने एक शानदार रंगोली बनाई। रंगोली के जरिए उन्होंने उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1915 का संदेश दिया। इस मौके पर मील ने बताया कि बच्चों ने बड़े ही शानदार ढंग से रंगोली सजाकर टोल फ्री नंबर 1915 का प्रचार किया है। पहली बार कई युवा अधिवक्ताओं के सामने भी यह जानकारी आई कि उपभोक्ता अपनी शिकायतें 1915 टोल फ्री नंबरों पर भी दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक जिम्मेदार उपभोक्ता बनकर विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में अपना सहयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दौरान 16 मार्च को ऑनलाइन स्लोगन लिखो, ईनाम पाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

18 मार्च को महिलाओं के लिए जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 21 मार्च को समापन समारोह होगा। रंगोली में रवींद्र पब्लिक स्कूल की गाइट ठाुप का भी सहयोग रहा। मील ने बताया कि स्काउट एवं गाइड्स सप्ताह भर आमजन को हर खरीद पर बिल लेने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ उपभोक्ता सुरक्षित होता है, वहीं दूसरी तरफ सरकार को भी टैक्स से होने वाली आय में इजाफा होता है। इस मौके पर स्काउट सीओ महेश कालावत, जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र पूनियां, पूर्व अध्यक्ष विजय ओला, एडवोकेट भगवानसिंह शेखावत, कमलेश झाझड़िया, विनोद गिल, आनंदीलाल सैनी, अनिल झाझड़िया, विकास कुमार, जिला आयोग के वरिष्ठ सहायक चंदन सैनी, एजाज नबी, मोहम्मद आदिल, सफाईकर्मी मुकेश कुमार, मुरलीधर वाल्मिकी समेत अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे। वहीं रंगोली कार्यक्रम में तमन्ना, नीतू, सविता, ऋतु, मोनिका व वार्डन सरोज कंवर शेखावत ने अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि स्काउट एवं गाइड्स उपभोक्ता जागरूकता के क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। गत वर्ष दो दिसंबर को स्काउट्स सीओ महेश कालावत के मार्गदर्शन में स्काउट्स एवं गाइड्स ने प्रथम उपभोक्ता संसद का भी संचालन किया था।

## राठौड़ ने की होली की राम राम

**चूरू।** होली पर्व पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने शहर में व्यापारियों व शहरवासियों से होली की रामा-श्यामा कर पर्व को शांति व भाईचारे से मनाने का संदेश दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड व विधायक सहारण ने मोजसिया चौक, गढ चौराहा, सफेद घंटाघर होते हुए सुभाष चौक तक व्यापारियों से रामारमी की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनावे।

विधायक सहारण ने कहा कि यह पर्व आपसी घुल मिलकर मनाने का पर्व है। यह पर्व एक दूसरे के रंग लगाकर आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाने वाला है। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, चंद्राराम गुरी, पदम सिंह, वासुदेव चावला, मदन गोपाल बालाण, सुरेश सारस्वत, अष्विनी बुडानिया, कपिल रक्षक, विष्णु सोनी, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फिर से ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनेगी मंड्रेला

**मंड्रेला,** । जिले की मंड्रेला ग्राम पंचायत को फिर से नगरपालिका बनाने की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों की माने तो जो मान-सम्मान और ओहदा राजनैतिक कारणों से चार दशक पहले मंड्रेला से छीन लिया गया था। उसे भाजपा की सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा नेता राजेश दहिया के प्रयासों से फिर दिया है। होली के मौके पर मिले इस मान-सम्मान ने खुशी के मौके और होली के त्यौहार में और अधिक रंग भर दिए है। घोषणा के बाद आज मंड्रेला सरपंच कुलदीप सिंह शेखावत की अगुवाई में भाजपा मंड्रेला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में झुंझुनूं जिले के चिड़ावा स्थित भाजपा नेता राजेश दहिया के निवास पर पहुंचे। जिन्हें होली के ही अंदाज में गुलाल लगाकर बधाई देते हुए आभार जताया। दहिया ने कहा कि 1978 से 1985 तक मंड्रेला नगरपालिका थी। लेकिन राजनैतिक कारण या फिर अन्य कोई भी कारण रहा हो। मंड्रेला से नगरपालिका का दर्जा छीनकर उसे ग्राम पंचायत बना दिया गया। ठाामीण तभी से मंड्रेला को वापिस नगरपालिका बनाने की मांग कर रहे थे। लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्होंने सभी बिंदुओं को मजबूती के साथ रखा और अब मुख्यमंत्री ने मंड्रेला को चार दशक पहले छीना गया मान वापिस लौटाया है। सरपंच कुलदीप सिंह शेखावत व भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि नगरपालिका बनने से विकास और अधिक गति मिलेगी। खासकर मंड्रेला के सौंदर्यकरण, साफ-सफाई और रोशनी व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त बनाने के लिए काम किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के चिड़ावा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर समेत अन्य मौजूद थे।

## अग्रवाल समाज की मीटिंग संपन्न

**झुंझुनूं,** । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के गौरवमयी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने गोल्डन जुबली के पावन अवसर पर श्री श्याम मंदिर परिसर नूआं में मीटिंग हुई। कार्यक्रम में जिले से काफी संख्या में अग्रबंधु माता बहनें उपस्थित हुई। जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि जिले से आए हुए सम्मानित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया व अठा-बंधुओं ने अपने अपने विचार रखे। इकाइयों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों की समीक्षा कर कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। आजीवन सदस्यता के लिए समस्त अठा बंधुओं को प्रेरित किया। दिन में पाणिठाहण संस्कार "फेरे" करने के लिए अपने अपने घर से पहल करने के लिए कहा गया। पहली "मिलनी" भगवान श्री अठासेन जी के नाम का शगुन के लिए प्रेरित किया। अठोोहा शक्तिपीठ में चल रहे अन्न क्षेत्र के लिए जिले से खाद्य सामठाी संठाह "सहयोग" के लिए जिले की समस्त इकाइयों को प्रेरित कर जिले से जल्द ही सामठाी एकत्रित कर अठाोहा शक्तिपीठ भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं 26 मार्च से अग्रोहा शक्तिपीठ में होने वाली अग्र भागवत कथा के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आ ान किया। वर्ष में एक बार अग्रोहा जरूर जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिले से काफी संख्या में अठाबंधु माता बहनें एकत्रित हुई।

# यु. डी. एच. मंत्री झाबर खर्रा का सीकर दौरा

- शेखावाटी प्रेस क्लब सीकर में आयोजित होली मिलन समारोह में लिया भाग
- पत्रकारों के लिए जल्द होगा भूमि आवंटन
- नवंबर तक होंगे निकाय चुनाव राज्य सरकार कर रही है अनेक विकास कार्य

**सीकर** । यू डी एच मंत्री झाबर खर्रा शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर सीकर आए हैं जहां उन्होंने शेखावाटी प्रेस क्लब सीकर में आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए यु डी मंत्री झाबर खर्रा ने कहा कि नवंबर तक राज्य में निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही अनेक विकास कार्य के योजनाओं के बारे में बताया उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राजस्थान में जल्द ही पत्रकारों के लिए भूमि आवंटन होगा और हमारा प्रयास है कि पहले संभाग और इसके बाद प्रत्येक जिला मुख्यालय पर पत्रकार कॉलोनी बनाई जाए इसके लिए राज्य सरकार तत्पर पर है और आने वाले समय में जल्द ही इस पर कार्य योजना बनाकर काम किया जाएगा उन्होंने होली मिलन समारोह में सभी पत्रकारों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार की ओर से चलाई जारी अनेक विकास कार्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने सकारात्मक पत्रकारिता के पर जोर देते हुए कहा कि एक जमाना ऐसा था जब रेडियो और टीवी पर समाचार सुना करते थे आज सूचना और तकनीकी जमाने में युग बदल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जहां अपना काम कर रहा है तो प्रिंट मीडिया का भी महत्व कम नहीं है। पत्रकारिता सकारात्मक रूप से की जाए तो परिणाम भी सकारात्मक आते हैं । इस अवसर पर शेखावाटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी, वरिष्ठ पत्रकार तेज प्रकाश सैनी ,वरिष्ठ पत्रकार पशु पति शर्मा, रमेश शर्मा, मुकेश पारीक, डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा, असगर खान, इकबाल खान, जगदेव सिंह पवार, आनंद सिंह कच्छावा, सच्चानद धदानी, सूरज, डीपी माथुर, फूल सिंह निवाण, जितेंद्र माथुर, लक्ष्मीकांत जोशी, राजेंद्र सिंह गहलोत जावेद चौहान,सहित प्रेस क्लब के सभी कार्यकारी सदस्य संरक्षक एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे। वीडियो जनरल लिस्ट एंव पत्रकार साथियों ने होली मिलन समारोह में मंत्री झाबर खर्रा का भव्य स्वागत किया ।

## 1528 स्काउट गाइड सदस्यों ने दी निःशुल्क सेवाएं

**सीकर** । जस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में 28 फरवरी से 11 मार्च तक श्री खाटूश्यामजी मेला सेवा शिविर धूमधाम से संपन्न हुआ। सेवा शिविर समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने कहा कि मनुष्य सेवा से ही पुण्य और लाभ अर्जित होता है ऐसे मेलों में आए हुए भक्तों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी से हम सबकों तरक्की और लक्ष्य की प्राप्ति होती इसलिए हमें ऐसे सेवा शिविरों में सहभागिता करनी चाहिए। शिविर का शुभारंभ जॉइंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग चूरू के बजरंग लाल स्वामी ने किया। सी ओ स्काउट बसंत कुमार लाटा ने बताया कि सेवा शिविर में कुल 1528 स्काउट गाइड ,रोवर रेंजर ने कुल 2 लाख 11 हजार पांच सो घंटे निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। वही इस मेला सेवा शिविर में सीकर के स्थानीय संघ दाता, धोद, खंडेला ,लक्ष्मणगढ़ नीमकाथाना, पाटन ,पलसाना सीकर, रीगस, थोई, अजीतगढ़ श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, शिवसिंहपुरा, फतेहपुर के स्काउट गाइड ने सेवाएं प्रदान की।

## गौर पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,** । युगावतार भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतरण दिवस फौज का मोहल्ला में निर्माणाधीन इस्कॉन झुंझुनूं श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले हरि कीर्तन हुआ। इसके श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव पर भगवान श्री गौर निताई जी का महाअभिषेक तथा तत्पश्चात हरि कीर्तन एवं आरती के उपरांत सभी हरि भक्तों को प्रसादी वितरण की गई। इससे पूर्व मंदिर के उदारमना हरि भक्त दानदाता व उपस्थित अन्य भक्तों का माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास, डॉ. नवीनकांति दास, प्रमोद शर्मा प्रभु, सोमवीर प्रभु, पवन हितेश केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, दामोदर प्रसाद अग्रवाल, अनिता पवन अठावाल गुढ़ावाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, सीए पवन केडिया, अशोक केडिया, विनोद सिंघानिया, दिनेशचंद्र अठावाल सहित अन्य हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस्कॉन मंदिर के हरिभक्त राधा मदन मोहन दास एवं नवीन कांतिदास ने बताया कि निर्माणाधीन श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है।

## सार-समाचार

### होली स्नेह मिलन मनाया

**झुंझुनूं,** । भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी का सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका साफा, दुपट्टा, माला पहना राधाकृष्ण का चिह्न भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। होली की पूर्व संध्या पर बगड़ रोड स्थित राजघराना रिजॉर्ट भाजपा जिला कार्यालय में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं एक वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के अभिनंदन का कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रखा गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा एवं भाजपा कार्यकर्ता द्वारा ढप, चंग पर गीत होली के गीत, धमाल व नृत्य का कार्यक्रम रखा गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने ढप पर थाप मारकर किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने कहा कि मेरे एक वर्ष के कार्यकाल में जिलेभर के सभी कार्यकर्ताओं ने अपना तन, मन, धन से सहयोग दिया। मैं आगे भी इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सेवा कार्यकर्ता के रूप में सदैव करता रहूंगा। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभरपूनियां, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, फूलचंद सैनी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनिल लांबा, सुनिता स्वामी, उमाशंकर महमिया, महेश जीनगर, भाजपा नेता महेश बसावतिया, खालिद हुसैन, सावित्री सैनी, अरुणा सिहाग, अनिता सैनी, डॉ. कमलचंद सैनी, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, आईटी जिला संयोजक श्रवण सैनी, संजय मोरवाल, प्रमोद खंडेलिया, कुलदीप पूनियां, विजय सैनी, प्रमोद जानूं, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, ललित जोशी, जगदीश गोस्वामी, कपिल सोनी, जयप्रकाश चौधरी, श्रवण कुमार सैनी, सुरेंद्र शर्मा, मनोहर धूपिया, सत्यनारायण हल्कारा, घड़सीराम सैनी, अनूपम शर्मा, महावीर सैनी, ख्यालीराम कुमावत, श्रीराम सैनी, राजेंद्र ठठेरा, विनोद चौहान, देवेंद्र खत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन

**सीकर** । जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 63वें विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड, वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम शर्मा एवं जिला रसद कार्यालय से प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, एडवोकेट सत्यनारायण सिखवाल के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम संचालन इतिहासकार महावीर पुरोहित ने किया, विश्व उपभोक्ता दिवस की पृष्ठ भूमि बताई। सत्यनाराण सिखवाल ने आयोजन की थीम पर प्रकाश डाला। सदन में बिहारी लाल, तृप्ति त्रिपाठी, व्यापार संघ के महामंत्री प्रदीप पारीक ने विश्व उपभोक्ता दिवस की प्रगति व उपभोक्ता जागरण व सतर्कता पर विचार व्यक्त किये। ईश्वर सिंह राठौड़ ने लोक भाषा में विश्व उपभोक्ता जागरूकता का आ ान किया। प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा ने उपभोक्ता सप्ताह के दौरान जारी रहने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि 16 से 20 मार्च तक गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाईन स्लोग्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा एवं सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विनोद नायक, हरिप्रसाद बेरी, चेतन पंवार, भवानी शंकर, रमाकान्त शर्मा, मो0 फारूक, जिला रसद अधिकारी कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहें।

### शिवकरण सुंडा को याद किया

**खिरोड।** स्व. शिवकरण नारायण सुंडा स्मृति संस्थान की ओर से भारतीय नौसेना अधिकारी स्व. शिवकरण सुंडा की 34वीं पुण्यतिथि पर देवीपुरा गौशाला व भृगु ऋषि गौशाला गोल्याणा में गौ सवामणी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच फॉर्म अध्यक्ष भंवरसिंह धींवा, देवीपुरा बणी सरपंच प्रतिनिधि रजनीश पूनियां, गौशाला समिति सचिव व पूर्व सरपंच देवीपुरा भागूराम गुर्जर के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. शिवकरण सुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। वक्ताओं ने पुण्यतिथि पर गौ सेवार्थ किए गए इस आयोजन पर उनके परिवार की सराहना की। संस्थान सचिव व पूर्व पार्षद विजेंद्र सुंडा ने आभार जताया। इस दौरान संस्थान की ओर से पूर्व पंचायत समिति सदस्य नर्मदा सुंडा ने एक गाय को गोद लिया। इस अवसर पर गौ भक्त विनोद पारीक, कालूराम सैनी, संदीप जांगिड, रामनिवास सैनी, होशियार धींवा अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### होली स्नेह मिलन आयोजित

**सीकर।** पिपराली चौराहा के पास स्थिति मोजिका होम्स सोसायाटी में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। सचिव अरविन्द मुक्तावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सोसायटी में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। सोसायटी के सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गले मिलकर, रंग लगाकर होली की बधाई प्रेषित की। इस मौके पर आनन्द छब्बरवाल, अमित पाठक, कमल कटारिया, मोहन बाजोर, सुशीला चौधरी, उम्मेद सिंह मील, सुमित्रा मील, कुलदीप पुनिया, गिरधारी लाल, रानी मुक्तावत, प्रमिला चौधरी, प्रेम लता, कविता ढाका, सहित सैकड़ों लोगो ने भाग लिया।

### भरतिया रोड़ पर रोजा इफ्तार की दावत आयोजित

**चूरू:** जिला मुख्यालय के भरतिया रोड़ पर कॉम काजियान सदर संजय भाटी व आर के कांट्रेक्टर ठाुप के मोहम्मद इमरान व रहीश भाटी की ओर से गुरूवार को रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदीना मस्जिद इमाम मौलाना अब्बास अली और मदरसा तौकीर उलूम के मौलाना ने देश- प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति प्रतिनिधि रमजान खान, सुरेश शर्मा, मकसूद अली भींचर, जिला कांठोस उपाध्यक्ष जमील चौहान, आरिफ खान, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, अबरार खान, अब्दुल जब्बार, जाकिर झरियावाला, हिदायत खान, असलम भाटी, मुराद अली ठेकेदार आजाद भाटी सहित अनेक पार्षद शाहरुख खान, बाबू मंत्री, आबिद जाबसरिया, नोमान अहमद, तारीख नागोरी, सलीम गौरी, लाल मोहम्मद हकीमवाला और शहर के गणमान्य जन शामिल हुये। इस दौरान मौलाना अब्बास अली ने कहा कि यह नेक महीना हैं, इसमें जितनी इबादत करे वो कम है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार व आमजन मौजूद थे।

### कलेक्टर आवास पर अधिकारियों ने खेली होली

**सीकर,** । धुलंडी के अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के आवास पर शुक्रवार को जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने रंगों का त्यौहार होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्टर ने भी होली धमाल का लुत्फ उठाया। चंग पर थाप लगाई और होली खेलकर अधिकारियों-कार्मिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन की भागदौड़ के बीच ऐसे पल निकालना आवश्यक है। इस दौरान महिला अधिकारियों ने भी लोक गीतों का आनंद लिया। चन्द्र प्रकाश महर्षि जिला साक्षरता अधिकारी के नेतृत्व में शेखावाटी के चंग पर लोक गीतों नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार, एडीएम शहर भावना शर्मा, डीआईजी स्टांप नीरज मीना, यूआईटी सचिव जेपी गोड, सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश महर्षि, एडीपीसी एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, एडीपीआर पूरणमल, सहायक निदेशक शिक्षा राकेश कुमार गढ़वाल, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक विकास सिहाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक प्रियंका पारीक, सहायक निदेशक पर्यटन अनु शर्मा, सहायक प्रोठाामर प्रवीण जांगिड़, हरीश जाखड़ सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## फागोत्सव मनाया

**मुकुंदगढ** । शहर के बस स्टैंड रोड पर स्थित ठड्ढे वाले बालाजी मंदिर के सामने होली पर्व पर तीन दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम हुआ। स्थानीय कलाकारों में मयंक शर्मा, उमाशंकर शर्मा, नेमीचंद भार्गव, रजनीश पांडे, संजय सैनी, महेश पासोरिया आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धमाल, लोकगीत की प्रस्तुतियां दी। मंदिर पुजारी सुभाष शर्मा ने स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र योगी, लूणचंद चेजारा, राजेंद्र भार्गव, रामस्वरूप चेजारा आदि मौजूद थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई- निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **निविदा सं.: 28-TRD-BKN-E-TENDER-2024-25. Name of work:** TRD modification work in c/w Engg. Works of Ballast depot, TWR, TBR SEJ, TTR, TRR in Anupgarh-Suratgarh-Lalgarh-Kolayat-Phalodi & Lalgarh-Ratangarh section over Bikaner Division. **Approx Cost of the work :** ₹ 1,00,60,511.1/-. **EMD/SD (Rupees):** ₹ 2,00,300/-. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 09.04.2025** को 15.00 बजे तक। **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 09.04.2025** को 15.00 बजे के बाद।

314-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# बदमाशों ने 37.50 लाख रुपये से भरे एटीएम को लूटा, सीसीटीवी में वारदात कैद

## चोर एटीएम की 37.50 लाख रूपयों से भरी कैश ट्रे को गैस कटर से काटकर ले गए

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में एक बार फिर चोरों ने एटीएम को काट लिया है। चोर एटीएम की 37.50 लाख रूपयों से भरी कैश ट्रे को गैस कटर से काटकर अपने साथ ही ले गए। हड़बड़ी में कैश ट्रे से 100-100 के नोटों की पांच गड्डियां एटीएम में ही गिर गई।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब तीन बजकर 39 मिनट पर पुलिस को एटीएम की सिक्योरिटी कर रही कंपनी के प्रतिनिधि ने फोन पर सूचना दी कि उनके रोड नंबर तीन पर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम के साथ बदमाशों ने छेड़छाड़ की है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। तब तक बदमाश अपना काम निपटाकर जा चुके थे। पुलिस ने एटीएम के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें एक नकाबपोश युवक कैमरों पर स्प्रे करता हुआ नजर आ रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह वारदात रात को करीब तीन बजकर 11 मिनट के आस-पास हुई है। बदमाशों ने सबसे पहले एटीएम के कैमरों पर स्प्रे किया। इसके बाद गैस कटर से एटीएम को काटा और कैश ट्रे को अपने साथ ले गए। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें एक सफेद रंग की संदिग्ध कार दिखाई दे रही है। पुलिस सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर आरोपियों तक पहुंचने



एसबीआई बैंक के एटीएम में हुई लूट की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

का प्रयास कर रही है।

शहर कोतवाल नारायण सिंह ने बताया कि मौके पर एमओबी, एफएसएल और डॉग स्कवायड टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। बदमाश एटीएम को काटकर जो कैश ट्रे लेकर गए हैं, उसमें करीब साढ़े 37 लाख रूपए थे। बैंक अधिकारियों ने जब एटीएम में कैश की स्थिति की पड़ताल की तो यह जानकारी सामने आई। जानकारी के मुताबिक 13 मार्च को दोपहर एक बजे इस मशीन में कैश डाला गया था। इसके बाद इस एटीएम मशीन में कैश 39 लाख रूपए से ज्यादा हो गया था। दो दिनों में, यानि कि 15 मार्च को रात तीन बजे तक इस मशीन से केवल एक लाख रूपए की कैश एटीएम कार्ड के जरिए विड्रॉल किया गया था, जिस समय बदमाशों ने एटीएम मशीन को काटकर कैश ट्रे निकाला। उस समय एटीएम में 38 लाख रूपए से ज्यादा का कैश था। ये सारे पैसे 500 और 100 के नोट थे। गैस कटर से काटते वक्त दो 100-100 के नोट की गड्डी जल भी गई, जिसे बदमाश मौके पर ही पटक गए। वहीं ट्रे को निकालते वक्त 100-100 के नोट की तीन गड्डी एटीएम मशीन के अंदर ही फंस गई, जिसे भी बदमाश वहीं छोड़ गए। इस मामले में पुलिस मशीन में कैश डालने वाली कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिससे लगभग यह साफ हो गया है कि जिस संदिग्ध सफेद कलर की गाड़ी

■ मौके पर एमओबी, एफएसएल और डॉग स्कवायड टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए

पर पुलिस ने रडार पर लिया है। उसी में एटीएम लूटने वाले बदमाश आए थे। वारदात करने के बाद उसी में फरार हो गए। एटीएम मशीन के सामने एक दुकान पर लगे फुटेज में नजर आ रहा है कि यह कार गुढ़ा मोड़ की तरफ से आई और अचानक एटीएम के आगे टर्न करते हुए एटीएम के सामने खड़ी हो गई। करीब 11-12 मिनट तक खड़े रहने के बाद कार बगड़ रोड की तरफ चली गई। जिस दौरान कार एटीएम के सामने खड़ी थी। उसी वक्त एटीएम में गैस कटर से मशीन को काटकर नगदी उड़ाई गई है।

नारायण सिंह, शहर कोतवाल, झुंझुनूं का कहना है कि पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मेवाती गैंग होने का अंदेशा है। पैसा कितना गया है, यह तो बैंक से स्टेटमेन्ट मांगा है। उसके बाद ही बता पाएंगे, लेकिन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश रहेगी।

# युवक से ठगी के जरिये एक करोड़ से अधिक की उगाही

**दौसा,** (निसं)। जिले में एक शिक्षित बेरोजगार युवक से ठगी और धमकियों के जरिये एक करोड़ रुपये से अधिक की उगाही का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी से गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने की मांग की है।

पीड़ित अभिमन्यु सिंह गुर्जर, निवासी गुर्जर मोहल्ला दौसा खुर्द, वर्ष 2016 में जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था, जहां उसकी दोस्ती सुशील गुर्जर से हुई। दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और वित्तीय लेनदेन शुरू हुआ। पहले छोटे-छोटे कर्ज लेकर समय पर चुकता करने का सिलसिला चला, लेकिन जब बड़े लेनदेन की बात आई तो सुशील ने अपने पिता ओमप्रकाश और चाचा माधोसिंह को बीच में ला दिया। इसके बाद पीड़ित को ऊंची ब्याज दरों पर रकम देने के नाम पर फंसाया गया। पीड़ित ने 2019 से 2023 के बीच यूपीआई, नेट बैंकिंग और अन्य डिजिटल माध्यमों से 16

■ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई

लाख 59 हजार 500 रुपये उधार लिए। शुरुआत में यह रकम एक रुपये सैकड़ा प्रतिमाह ब्याज पर तय हुई थी, लेकिन बाद में दबाव बनाकर ब्याज दर को 20 से 50 रुपये सैकड़ा तक बढ़ा दिया गया। आरोपियों ने पीड़ित से जबरन स्टाम्प पेपर और हस्ताक्षरशुदा चेक ले लिए। यहां तक कि उसकी पूरी चेकबुक तक अपने कब्जे में कर ली। दबाव बनाने के लिए मारपीट, हनीट्रैप, झूठे केस में फंसाने और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित से अब तक 1 करोड़ 6 लाख 30 हजार रुपये वसूले जा चुके हैं। इनमें से 40 लाख रुपये नकद, 40 लाख 30 हजार रुपये नेट बैंकिंग के जरिए और 26 लाख रुपये फोन-पे और पेटीएम के माध्यम से आरोपी ले चुके हैं। इसके अलावा, स्कूटी, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, स्मार्ट वॉच, ईयर बड्स और अन्य कीमती सामान भी आरोपियों ने छीन लिए। एक अन्य आरोपी अमित गुर्जर से पीड़ित ने 2 लाख 14 हजार रुपये उधार लिए थे, जिसके बदले उसने 3 लाख 59 हजार रुपये लौटा दिए, फिर भी आरोपी 2.90 लाख रुपये और मांग रहा है।

वहीं, भवानी सिंह गुर्जर ने पीड़ित की मजबूरी का फायदा उठाकर 6.42 लाख रुपये उधार दिए और धमकियों के जरिए अब तक 73 लाख 97 हजार 432 रुपये ऐंठ चुका है, साथ ही 7 लाख रुपये और मांग रहा है। आरोपियों की लगातार प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर 3 अक्टूबर 2024 को पीड़ित आत्महत्या करने के लिए जटवाड़ा पुलिया पर चला गया, लेकिन समय रहते परिवारवालों ने उसे ढूंढ निकाला और घर ले आए। पीड़ित ने 27 जनवरी को कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उसने एसपी से गुहार लगाते हुए मामले की जांच सीआई, डीएसपी या एएसपी स्तर के अधिकारी से कराने की मांग की है।

# हाईमास्ट लाइट से टकराई गाड़ी, पति-पत्नी समेत तीन घायल

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के पंचदेव मंदिर चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट से टकराने पर एक गाड़ी में सवार पति-पत्नी समेत तीन जने घायल हो गए। वहीं गाड़ी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों का झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं जिले के खेतड़ी उपखंड के रवां गांव के

■ रवां का सुशील पत्नी और चचेरे भाई के साथ नागौर अपने ससुराल जा रहा था नींद की झपकी आने से हादसा हुआ

अंबेडकर कॉलोनी के रहने वाले 29 वर्षीय सुशील मेघवाल अपनी पत्नी लक्ष्मी और चचेरे भाई रिंकू के साथ होली का त्यौहार मनाने के बाद अपने ससुराल नागौर के डेगाना जा रहा था। वह रात को रवां गांव से करीब 10 बजे खुद ही अपनी गाड़ी चलाकर रवाना हुआ। झुंझुनूं शहर के पंचदेव चौराहे पर जब वह बारह बजकर पांच मिनट पर पहुंचा तो उसे नींद की झपकी आ गई। जिससे गाड़ी जाकर सड़क के बीचों



हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

बीच लगे हाई मास्ट लाइट के पोल से जा भिड़ी।

कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे एक बाइक चालक ने 108 और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद गाड़ी से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गाड़ी चला रहे सुशील और उसके भाई रिंकू के पैर में फ्रेक्चर आया है, जबकि सुशील की पत्नी लक्ष्मी गाड़ी में पीछे बैठी हुई थी, जिससे मामूली खरोंच आई है। सुशील और रिंकू का इलाज बीडीके अस्पताल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि रात को हादसा इतना तेज था कि गाड़ी के पोल से टकराते ही तेज आवाज हुई। वहीं गाड़ी के उपर लगा लगेज रैक भी टूटकर काफी दूर जाकर गिरा। सुशील अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ शादी के बाद पहली होली मनाने के बाद ससुराल जा रहा था। सुशील खुद ड्राइवर है, जो दिल्ली और एनसीआर इलाके में गाड़ी किराए पर चलाता है।

# जैतसर के मिनी बैंक में 10 साल तक घोटाला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के जैतसर कस्बे के 2 जीबी ग्राम सेवा सहकारी समिति के 3 जीबी मिनी बैंक में गबन की एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। अक्टूबर 2024 में जांच के दौरान सामने आई इस घटना में 8.97 करोड़ रुपए (89,40,17,84 रुपए) के गबन की घटना सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि इस गबन का सिलसिला पिछले 10 साल से लगातार चल रहा था, जो 2014 से 2024 तक जारी रहा।

जांच में यह खुलासा हुआ कि इस गबन के कारण कई परिवारों की जिंदगी बर्बाद हो गई। बकरी बेच कर, मेहनत-मजदूरी कर या अपनी जमा पूंजी बैंक में जमा करने वाले लोगों के पैसे अब गबन की चपेट में आ गए। 78 साल के बुजुर्ग, जिन्होंने अपनी रिटायरमेंट की रकम बैंक में जमा की थी, वह भी इस गबन का शिकार हो गए। जांच अधिकारियों के मुताबिक, गबन का मुख्य कारण मियादी जमाओं के खिलाफ अनियमित रूप से ऋण वितरण करना था। समिति कर्मचारियों ने जानबूझकर खाताधारकों की जमा पूंजी को गलत तरीके से ऋण के रूप में वितरित किया। कई मामलों में, मियादी जमा रसीदें मिनी बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की गईं और कई खाताधारकों के नाम पर ऋण वितरित किए गए, जिनके पास मियादी जमा की कोई रसीद ही नहीं थी। इस जांच के दौरान, 444 खाताधारकों से जानकारी प्राप्त की गई, जिनकी कुल जमा पूंजी 9.75 करोड़ रुपए थी, लेकिन कुछ खाताधारक अभी भी अपनी जानकारी देने के लिए उपस्थित नहीं हो पाए हैं। जिसके कारण जांच अभी भी जारी है। गबन के इस मामले में समिति के प्रमुख अधिकारी, शाखा प्रबंधक, ऑडिट टीम और बैंक प्रबंधन समिति के निरीक्षकों को दोषी ठहराया गया है।

# युवती से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाया

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थानांतर्गत एक 25 वर्षीय युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी देने से परेशान होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी में मामले में आरोप है कि आरोपी ने युवती का गला दबाकर मारने का भी प्रयास किया है तथा मुस्लिम धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दवाब भी बनाने का आरोप है। पुलिस ने शनिवार दोपहर को पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक युवती के भाई ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसकी बड़ी बहन जिसकी उम्र 25 वर्ष है, जो राजस्थान बड़ौदा ग्रामीण बैंक में कार्यरत थी। आरोप है कि उसकी बहन के साथ एक मुस्लिम युवक ने 12 मार्च को अपने

■ युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की

घर ले जाकर जबरदस्ती बलात्कार किया तथा बीच बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया। आरोप लगाया कि आरोपी उसकी बहन को अपना धर्म हिंदू से बदलकर मुस्लिम धर्म बनाकर शादी करने का दवाब दिया और धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो तेरे को वह तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। दर्ज मामले में बताया कि आरोपी ने उसकी बहन को ब्लैकमेल करके अपने खाते से 85 हजार रुपए 3 मार्च को डलवाए और उसकी बहन को ब्लैकमेल करके बलात्कार किया।

दर्ज मामले में बताया कि राजीविका ऑफिस में आरोपी के भाई, अन्य जो उसके परिवार का ही था आए तथा दिन उसकी बहन को जातिसूचक गालियां देते हुए धमकी दी कि यदि आरोपी के विरुद्ध कोई कार्रवाई की या किसी को बताया तो तेरे को समाज में जीने लायक नहीं छोड़ेंगे तथा आरोपी द्वारा धमकी देने के कारण परेशान होकर तथा भयभीत होकर उसकी बहन ने आत्महत्या के लिए जहरीला पदार्थ निगल लिया। जैसे ही पता चला तो शुक्रवार रात्रि को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से चिकित्सक गंभीर हालत होने के कारण बडे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया तथा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दर्ज मामले में बताया कि उपचार के दौरान उसकी बहन ने आरोपी के बारे में तथा आपबीती घटना की जानकारी दी। तथा उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई है।

# स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। मेहंदवास थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर नसीम पत्नी मुख्त्यार निवासी अम्बिका कॉलोनी गैस गोदाम के टोंक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 44.93 ग्राम शुद्ध स्मैक जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत 10 लाख बताई जा रही है।

मेहंदवास थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने थाना टीम द्वारा एनएच-52 डारडा कट के पास टोंक की तरफ पैदल जाती एक महिला को पूछताछ के दौरान तथा महिला पुलिस ने उसकी चेकिंग की तो तस्कर महिला के पास एक बैग निकला जिसमें सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला। उसकी जांच की तो वह स्मैक निकला।

# सायबर क्राइम जेटीएफ की श्रीगंगानगर में पहली कार्रवाई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में दर्ज साइबर फ्रॉड मामले से जुड़े आरोपियों की आयकर विभाग ने बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने श्रीगंगानगर में दो और जयपुर में एक भूखंड को अस्थाई रूप से कुर्क किया है। ये भूखंड मलकीत सिंह के नाम पर हैं। मलकीत सिंह कैपमोर एफएक्स घोटाले के आरोपी करमजीत सिंह का पिता है। यह कार्रवाई साइबर अपराध पर जॉइंट टास्क फोर्स की 7 फरवरी को हुई पहली बैठक के बाद की गई है।

■ कैपमोर एफएक्स घोटाले में आरोपी के पिता की तीन संपत्तियां अस्थाई तौर पर जब्त

साइबर अपराध एसपी, जयपुर द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर यह एक्शन लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि 2022 में अजय आर्य, उसके पिता लाजपत राय आर्य और दीपक आर्य ने करमजीत सिंह के साथ मिलकर कर्नाटक के विजयपुर में कैपमोर एफएक्स कंपनी खोली। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर टीचेबल टेक के नाम से फॉरेक्स ट्रेडिंग की ऑनलाइन ट्रेनिंग देना शुरू किया। आरोपियों ने फॉरेक्स ट्रेडिंग और क्रिप्टो करेंसी के नाम पर हजारों लोगों को पोंजी स्कीम में फंसाया। उन्होंने दोगुना-तिगुना रिटर्न का लालच दिया। शुरुआत में पैसे लौटाकर विश्वास जीता। फिर पीड़ितों से उनके परिवार और दोस्तों को भी स्कीम में लाने को कहा। आरोपियों के बैंक खातों से जुड़ी 76 हजार से ज्यादा साइबर फ्रॉड की शिकायतें मिली हैं। यह घोटाला हजारों करोड़ का हो सकता है। आरोपियों ने इस पैसे से खुद और परिवार के नाम पर संपत्तियां खरीदी। आरईआईसी जयपुर के तहत गठित जेटीएफ के संयोजक आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) राजस्थान है। इसमें आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई और राजस्थान पुलिस शामिल है। पुलिस की ओर से सीआईडी सीबी, एसओजी और डीजीपी साइबर क्राइम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई की जा रही है।

# युवक की मौत

**आसीन्द,** (निसं)। चैनपुरा, बदनोर थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

युवक का शव गांव के बाहरी इलाके में मिला। वहीं परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है। हत्या को लेकर ग्रामीणों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने युवक के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

# मधुमक्खियों के हमले से श्रमिक घायल

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के हिंडोला का बास गांव में शनिवार को कृषि कार्य के दौरान मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन श्रमिक घायल हो गये। घायलों को मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

घायल श्रमिकों के परिजनों ने बताया कि शनिवार को रामनारायण शर्मा के खेत में श्रमिक फसल कटाई का कार्य कर रहे थे। दोपहर में पेड़ के नीचे पानी पीने के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक बड़ी तादात मे मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आये श्रमिक जान बचाने के लिये तकरीबन आधा किलोमीटर से अधिक खेतों में दौड़ते रहे तो मधमक्खियां उन पर हमला बोलती रही। हादसे में श्रमिक माया पत्नि रामनारायण शर्मा, पिंकी पुत्री रामनारायण, गोरधन पुत्र रूपनारायण, सोना पुत्री सत्यनारायण, विमला पत्नि सत्यनारायण व छगन भील घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायलो को मालपुरा जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती करवाया गया। इसी प्रकार फेरी लगाकर कचरा चुन रहे कमलेश व सुनिता निवासी जिला अस्पताल के पिछे मालपुरा भी मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गये।

# अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, 2.93 लाख का जुर्माना लगाया

**ब्यावर,** (निसं)। जिला कलेक्टर को प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम सेंदड़ा के पास एनएच -25 ब्यावर-पिंडवाड़ा के दाहिनी तरफ हाइवे के किनारे पर तथा जयपुर-अहमदाबाद रेलवे लाइन के बीच में अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर जांच कर अवैध खनन की पुष्टि की। जांच के दौरान मैसनरी स्टोन के अवैध खनन के ताजा

■ 'अवैध खनन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

निशान मिले।

हालांकि मौके पर कोई मशीनरी नहीं पाई गई। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, यह अवैध खनन खसरा संख्या 567/3 (गैर मु. दाती रकबा 17.156) पर स्थित सिवायचक भूमि में किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि यह खनन भगवान सिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह निवासी रामगढ़, तहसील रायपुर द्वारा



मौके पर अवैध कब्जे के तहत एक पक्का कमरा बना हुआ पाया गया।

किया गया था।

कार्रवाई में 780 टन मैसनरी स्टोन का अवैध उत्खनन पाया गया। वहीं 2,93,000 रुपये की पेनल्टी आरोपित की गई। वहीं अवैध कब्जे के तहत एक पक्का कमरा बना हुआ पाया गया और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की सूचना तहसीलदार रायपुर को दी गई। खनिज विभाग द्वारा प्रकरण बनाकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अवैध खनन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अवैध खनन में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध खनन या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी मिलती है, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# बोलेरो ने लड़की को कुचला, आरोपी गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। पटवार घर के सामने खड़ी एक लड़की को तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार घायल लड़की पूजा सैनी, पुत्री राधेश्याम सैनी, निवासी दांतिल (जिला कोटपूतली-बहरोड़) अपने नाना भगवान सहाय सैनी के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसके नाना ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि नीमकाथाना की ओर से तेज रफ्तार में लहराती हुई एक बोलेरो आई और पूजा के ऊपर चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी चालक ने लड़की को मरा समझकर गाड़ी भगाने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की। हालांकि, वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर गाड़ी व चालक संजय पुत्र करतार सिंह यादव, गोविंद पुत्र महिपाल यादव, विरेन्द्र पुत्र सत्यवीर सिंह यादव निवासी मेघोत हाला तहसील नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ हरियाणा को नाकाबंदी कर करजो के पास पकड़ लिया गया।


**Office of The Superintending Engineer, Water Resources Circle, Kota**

क्रमांक-SE/WRC/e-NIB-06/2024-25/810-854 दिनांक-6.3.25

**e-NIB No.- 06/2024-25**

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tender is invited from eligible contractors for the work(s) For Item No. 01 "Repair and Strengthening work of Padampura Talab G.P. Kaliyakheri Tehsil Ladpura District Kota"(Est. cost Rs. 129.52 Lacs) Item No. 02 "Repair and Restoration Work of Polaikalan Talab, G.P. Polaikalan, Tehsil Digod, District Kota" (Est. cost Rs. 123.83Lacs) for the period for 18 Months including Rainy season invited from interested bidders from 07.03.2025 (9:30 Hr) to 17.03.2025 till 18:00 Hr. Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portalhtpps://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in & www.waterrajasthan.gov.in.

NIB Code : WRD2425A0504
UBN No.:
Item No. 01 WRD2425WSOB01780
Item No. 01 WRD2425WSOB01781

DIPR/C/3484/2025

Superintending Engineer
Water Resources Circle, Kota

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य, अजमेर**

मृदंग सिनेमा के सामने, श्रीनगर रोड डिस्पेन्सरी के पास, पाल बीचला, अजमेर
दूरभाष नं.: 0145-2424944, ई-मेलः eemhajmer@ymail.com

क्रमांकः ई0 ई0/अजमेर/24-25/1853 दिनांकः 06/03/2025

**निविदा सूचना संख्याः 37/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राशि 220.90 लाख के तेईस (23) कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण की वेब साईट www.dipronline.org. http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN Number- 1. NRH2425WSOB02520, 2. NRH2425WSOB02521, 3. NRH2425WSOB02522 4. NRH2425WSOB02523, 5. NRH2425WSOB02524, 6. NRH2425WSOB02528, 7. NRH2425WSOB02529, 8. NRH2425WSOB02531, 9. NRH2425WSOB02532 10. NRH2425WSOB02533, 11. NRH2425WSOB02534, 12. NRH2425WSOB02535 13. NRH2425WSOB02536, 14. NRH2425WSOB02537, 15. NRH2425WSOB02538 16. NRH2425WSOB02539, 17. NRH2425WSOB02540, 18. NRH2425WSOB02541 19. NRH2425WSOB02542, 20. NRH2425WSOB02543,21. NRH2425WSOB02544 22. NRH2425WSOB02545, 23. NRH2425WSOB02546

DIPR/C/3558/2025

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड भीनमाल**

E-mail : eebhi.jal.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-खण्ड/भीनमाल/निविदा/ /2024-25/3191-98 दिनांक-19/2/25

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 37-43/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 बियम 334 (ए) (iii) के तहत रु. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी दिमाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों मे उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन विड आमंत्रित की जाती हैः-

| बिड संख्या | NIB No. | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10294 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 38/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10297 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 39/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10298 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 40/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10299 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 41/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10301 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 42/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10302 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| 43/ 2024-25 | PHE2425 WSRC10303 | 30.00 | 60000/- | 1000/- | 1000/- | 12 माह |
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | | | | 21.02.2025 | | |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | | | 11.03.2025 को 6.00 पी.एम. | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | | | | 12.03.2025 को 2.00 पी.एम. | | |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(हेमन्त कुमार वैष्णव) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड भीनमाल

DIPR/C/3542/2025

# आमजन होली पर लें अंत्योदय का संकल्प : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की संस्कृति की दुनिया में विशिष्ट पहचान है। हमारे ऋषि-महर्षियों ने गौरवशाली संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व खुशी एवं उल्लास का प्रतीक है। रंगों के त्योहार पर सभी अपने गिले शिकवे भुलाकर होली के रंग में रंग जाते है। रंगों के साथ राजस्थान का लगाव भी बहुत गहरा है। हमारे प्रदेश को तो रंग रंगीलो राजस्थान कहा जाता है।

■ **सांगानेर में होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाग लिया**

शर्मा गुरूवार को सांगानेर क्षेत्र स्थित गार्डन में होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां उपस्थित जनसमूह के ऊपर फूलों की बारिश कर हर्षोल्लास के साथ रंगों के त्योहार को मनाया और आत्मीयता के साथ मुलाकात की। चंग की थाप और फूलों की बौछार के बीच पूरा माहौल रंगों और खुशियों से सरोबार नजर आया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार हर नागरिक के कल्याण और प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। राजस्थान में 5 हजार गांवों को गरीब मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि होली के पावन पर्व पर हमें समाज में अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्प लेना चाहिए, जिससे विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा हो। शर्मा ने कहा कि सांगानेर के लिए भी पिछले साल बजट में अनेक घोषणाएं की थीं, जिनकी क्रियान्वित तेजी से हो रही है। उन्होंने कहा कि रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर एलिवेटेड रोड का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, सांगानेर क्षेत्र को जयपुर मेट्रो सेवा से जोड़ना, प्रतापनगर आवासीय योजना और मानसरोवर आवासीय योजना भी प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों से अभूतपूर्व बदलाव हुआ है। जन-मानस ने सीमा सुरक्षा, विकास की योजनाएं तथा दुनिया में भारत के बढ़ते हुए गौरव को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश में विकास और विरासत दोनों को आगे ले जाने का काम कर रहे है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर और उपमहापौर पुनीत कर्णावट, जयपुर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश तिवाड़ी सहित जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ खेली होली



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को उनके निवास पर आम लोगों के साथ होली खेली। इस दौरान बच्चों ने भी उन्हें रंग लगाया।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया। शर्मा ने इस दौरान बड़ी संख्या में आए आमजन से आत्मीय मुलाकात कर फूलों व प्राकृतिक रंगों से होली खेली। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में लोक कलाकारों ने ब्रज की विभिन्न संस्कृतियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व बेहद ही निराला है, हमें आपसी कटुता को भुलाते हुए एक-दूसरे को गले लगाने की सीख देता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। शर्मा ने युवा, किसान, महिला और मजदूर सहित पूरे प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री ने होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। शर्मा ने परिवारजनों के साथ यहां श्री राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत् रूप से होली पूजन किया। उसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस की 4 आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा में श्रीनाथजी के दर्शन किए

**डीग/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को होली के पावन अवसर पर डीग स्थित पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे तथा श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान शर्मा ने पूँछरी का लौठा में मुकुट मुखारबिंद पर श्रीगिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली, चंग की थाप पर सभी दर्शनार्थी उमंग और उत्साह से भर उठे तथा हर्षोल्लास से इस त्यौहार को मनाया। इस अवसर पर साधु संतों ने शर्मा का साफा बांधकर स्वागत किया। होली महोत्सव में श्रीनाथ जी मंदिर कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गई। जिसको देखकर हर कोई श्री कृष्ण की भक्ति में झूमता नजर आया।

इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ अमित यादव, भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल से मुलाकात की



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने राज भवन में मुलाकात की। देवनानी ने राज्यपाल को विधान सभा में गत एक वर्ष में किए गए नवाचारों पर आधारित "नवाचारों का एक वर्ष" पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि राजस्थान विधानसभा में कार्य प्रणाली को नया स्वरूप देने के साथ ही सनातन संस्कृति के अनुरूप डायरी और कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है।

बागडे ने प्रकाशन के लिए देवनानी को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र के पवित्र स्थल विधानसभा की कार्य प्रणाली का ऑनलाइन संचालन करने, समय सीमा में प्रश्नों के जवाब मंगाने, सर्व दलीय बैठक के आयोजन के साथ सदन के प्रभावी संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किए गए नवाचार अन्य विधानसभाओं के लिए प्रेरणादायी है।

राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके द्वारा किए गए नवाचारों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राजस्थान विधानसभा देश के विधान मंडलों में सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनने की ओर अग्रसर है।

# जयपुर में खंडहरनुमा प्लाट में फंदे से लटके मिले युवक-युवती

■ **विधायकपुरी थाना इलाके में फंदे से लटके युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई**

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना इलाके में एक खंडहरनुमा प्लाट में शनिवार दोपहर को फंदे से लटके युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से दोनों शवों को उतार कर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि दोनों शवों से कुछ ही दूरी पर एक बैग भी रखा मिला है। बैग में उनके कपड़े सहित ट्रेन टिकट भी मिला है। जिससे पता चला है कि 13 मार्च की दोपहर ट्रेन से वह दोनों अजमेर से जयपुर आए थे और दोनों का ही अपने घरों से भागकर आना प्रतीत होना है। फिलहाल मामले की जांच पडताल की जा रही है और दोनों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा।

थानाधिकारी बनवारी लाल मीना ने बताया कि थाना इलाके के अजमेर पुलिया के पास एक प्लाट में कुछ खंडहरनुमा कमरे बने हुए है। जहां पहले बिजली विभाग का गोदाम था। शनिवार दोपहर को खाली पड़े खंडहर में कचरा बीनने लड़का गया था। जहां कचरा बीनते समय उसे खंडहरनुमा गोदाम के अंदर फंदे से युवक-युवती लटके दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुवायना करने के बाद एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। जिसके बाद दोनों शवों को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि दोनों मृतक की उम्र 25-30 के बीच में है। जिन्होंने खंडहरनुमा प्लाट में बने गोदाम में लगे टीन शेड से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

बैग में मिले दस्तावेजों के आधार उनकी पहचान बदायूं यूपी निवासी 22 वर्षीय रेणु विश्वास और 25 वर्षीय नीरज निवासी नरहेडा पटौती हरियाणा के रूप में हुई है।

# जयपुर में कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. सतीश पूनिया ने मनाई होली



**जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ गुलाल लगाकर होली की रामा-श्यामा की।

सतीश पूनिया ने 14 मार्च को होली के पावन पर जयपुर में राणी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर सुबह से लेकर दोपहर तक जयपुर से लेकर प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ गुलाल लगाकर होली खेली एवं मिठाई खिलाकर होली की रामा-श्यामा की। जन संवाद केंद्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं-आमजन के लिए मिठाई एवं जलपान की व्यवस्था रही।

वहीं 15 मार्च को सतीश पूनिया ने जन संवाद केंद्र पर सुबह से लेकर दोपहर तक प्रदेश के शेखावाटी, मारवाड़, मेवाड़, ब्रज क्षेत्र से पधारे हजारों कार्यकर्ताओं के साथ होली की राम-राम की एवं जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आग्रह किया।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के बर्खास्तगी आदेश को हाईकोर्ट ने सही माना

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने एमएनआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर की बर्खास्तगी आदेश को सही मानते हुए इसे चुनौती देते हुए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश डॉ. एसएस स्वैन की याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि भर्ती में छूट को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। इसके चलते बिना पीएचडी वाले अभ्यर्थियों ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया। ऐसे में यदि याचिकाकर्ता को कोई छूट दी गई तो वह समानता के अधिकार के खिलाफ होगी।

याचिका में कहा गया कि असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2022 को लेकर आवेदन मांगे गए थे। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित विषय में पीएचडी होना जरूरी था। याचिकाकर्ता ने आवेदन किया और उसका साक्षात्कार लेने के बाद उसे 14 फरवरी, 2024 को नियुक्ति दे दी। वहीं बाद में उसे पीएचडी की डिग्री की गलत तिथि बताने को लेकर नोटिस दिया गया। इसके बाद 7 सितंबर, 2024 को उसकी नियुक्ति रद्द कर दी गई।

# कला मेले के पोस्टर का विमोचन




उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और शासन सचिव रवि जैन ने 24वें कला मेले के पोस्टर का विमोचन किया।

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में 19 से 23 मार्च को जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में 24वें कला मेले का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री एवं कला साहित्य, संस्कृति, पर्यटन विभाग की मंत्री दिया कुमारी और कला साहित्य संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. नाथूलाल वर्मा (कला मेला संयोंजक), डॉ. राजेंद्र प्रसाद, श्री विनय शर्मा, श्री मनीष शर्मा, डॉ. जे. पी. मीणा, संगीता सिंह एवं महेंद्र मंडावरिया मौजूद रहे।

अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि 24वें कला मेले में 110 से अधिक स्टॉल्स पर राजस्थान समेत विभिन्न प्रदेशों के कलाकार अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित करेंगे। पाँच दिवसीय आयोजन में लोक कलाओं की प्रस्तुति, आर्ट इंस्टालेशन व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कला मेले में एग्जीबिशन, फिल्म स्क्रीनिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

## घुमन्तू परिवारों के 153 लोगों को मिले वोटर आईडी कार्ड

**जयपुर।** सांगानेर के बी टू बाईपास स्थित कालबेलिया, नट एवं बावरिया बस्ती में राज्य सरकार द्वारा दस्तावेजीकरण अभियान के तहत बनाए गए मतदाता पहचान पत्रों का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमन्तू जाति उत्थान, न्यास के तत्वाधान में चलाए जा रहे दस्तावेजीकरण अभियान के अन्तर्गत बस्तियों का सर्वे कर घुमन्तू जाति के लोगों के आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री राममंदिर नगर में रह रहे घुमन्तू जाति के लोगों को मतदाता पहचान पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांगानेर एसडीएम हिम्मत सिंह द्वारा 153 वोटर आईडी प्रदान कर बस्ती के लोगों को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया। पिछले कई दशकों से मतदान के अधिकार से वंचित लोगों ने मतदाता पहचान पत्र मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार जताया। सांगानेर महानगर घमन्तू कार्य संयोजक महेश कुमार वर्मा ने बताया घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा जयपुर महानगर की घुमन्तू बस्तियों में दस्तावेजीकरण अभियान कार्य चलाया जा रहा है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत

**जयपुर।** एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व कर रहा है।

पुलिस के अनुसार बूंदी निवासी श्रेयांस होली की अलसुबह स्कूटी से गोविंददेवजी के दर्शन करने जा रहा था। महल रोड पर खाटूश्याम मंदिर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे श्रेयांस और उसका साथी घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर श्रेयांस की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि श्रेयांस जयपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह होली की सुबह गोविंददेवजी के मंगला आरती के दर्शन करने के लिए एक्टिवा से अपने दोस्त अभिनव के साथ निकला था। एक्टिवा श्रेयांस चला रहा था। सुबह 5 बजे खाटूश्याम मंदिर के आगे सामने से गलत दिशा से आई तेज कार ने एक्टिवा को टक्कर मार दी।

## मोबाइल लूटा

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने मदद करने के बहाने युवक को बाइक पर बैठाया और फिर सुनसान जगह मारपीट कर मोबाइल लूट लूट लिया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों का जायजा लिया निगम उपायुक्त ने

**जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हेरिटेज निगम के सभी अधिकारी लगातार फील्ड में सक्रिय नजर आ रहे है। धुलंडी के दूसरे दिन निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर जोन उपायुक्त ने क्षेत्र में दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिन वार्डो में पिछले कई समय से कचरा नहीं उठाने की शिकायत आ रही थी, उन वार्डो में जाकर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराई। साथ ही सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की। आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अधिकारी लगातार फिल्ड निरीक्षण कर रहे है। सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को भी वार्डो में सफाई रखने के लिए पाबंद किया है। कुछ जगहों पर सफाई होने के बाद आमजन कचरा फेंक रहे है। उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए है। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारी सड़क पर स्वच्छता को लेकर लगातार वॉच रखेंगे।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाया जा सके। वहीं, किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप बंबानी ने वार्ड 60,61,62,64,65, और 66 का गहन निरीक्षण किया।




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए धुलंडी के दूसरे दिन निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन उपायुक्त ने क्षेत्र में दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

## ढूँढाड़ परिषद का धमाल सम्पन्न

**जयपुर।** ढूँढाड़ परिषद द्वारा 12 वा ढूँढाड़ की धमाल ( फागोत्सव) जय क्लब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन ढूँढाड़ परीषद के संस्थापक अध्यक्ष विजय पाल कुमावत ने ढूँढाड़ भाषा मे किया कार्यक्रम में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक हनुमान सहाय शर्मा गरिमा कुमावत ने गायन की प्रस्तुति दी औऱ ललित राणा एंड पार्टी ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, विधायक बालमुकुंदाचार्य, ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गिरिराज गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप लुहाड़िया सहित जयपुर के लोग उपस्थित रहे साथ ढूँढाड़ के व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

# स्टंट करने से रोकना चालक को भारी पड़ा

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में सरकारी वाहन के चालक को थार गाडी सवार युवकों को स्टंट करने पर टोकना भारी पड़ गया। कार सवार बदमाशों ने बैक लेकर सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। इससे सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई।

पुलिस के अनुसार रानियावास जमवारामगढ़ निवासी मूलचंद ने मामला दर्ज करवाया कि वह निर्वाचन विभाग सचिवालय की गाड़ी चलाता है। वह 12 मार्च की रात को पृथ्वीराज सिंह रोड सेंट्रल पार्क के पास खड़ा था। इसी दौरान एक काली थार स्टंट करती आ रही थी। इस पर उसने कार सवार युवकों टोका तो बदमाशों ने कार बैक ली और सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। सरकारी वाहन के खड़े चालक ने भाग कर अपनी जान बचाई। टक्कर मारने के बाद बदमाश थार लेकर फरार लेकर हो गए। पीड़ित ने वापस अपनी गाडी स्टार्ट करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उस पर थार चढ़ाने का प्रयास किया और फिर वहां से भाग निकले। पीड़ित ने थार के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर नंबरों के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने में जुटी है।

## मोबाइल चोरी कर खाते से निकाले 1.60 लाख

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में बस में सफर करने के दौरान किसी ने युवक का मोबाइल पार कर लिया और फिर उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मीणावाला निवासी सोनू सांसी ने मामला दर्ज करवाया कि वह त्रिवेणी नगर से मीणावाला बस में सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान किसी ने सिरसी पुलिया के आस-पास उसकी जेब से मोबाइल पार कर लिया। चोरी का पता लगने पर पीड़ित बस से उतरकर थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। इस दौरान बदमाशों ने उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# होली के रंगों में सराबोर होने देशी-विदेशी पर्यटक पुष्कर पहुंचे

## पर्यटकों की भीड़ के चलते मुख्य बाजार सहित गलियों में भी चहल-पहल दिखी

**पुष्कर, (निसं)।** धुलंडी को पर्यटकों से पुष्कर के बाजार गुलज़ार रहे। बाजारों में पर्यटकों की जमकर रौनक रही। जहां एक और बड़े रिसॉर्ट और होटल में मेट्रो सिटी से आए युवा व युवती होली खेलते रहे। वहीं आसपास के शहरों से आए मनचले विदेशी पर्यटकों के साथ गुलाल के नाम पर जबरदस्ती करते रहे।

पूरी दुनिया में अपनी एक अलग ही पहचान बना चुके होली के त्यौहार को मनाने के लिए देश दुनिया से भारी तादात में देशी विदेशी पर्यटक धार्मिक नगरी पुष्कर पहुंचे। पर्यटकों की भीड़ के चलते मुख्य बाजार सहित छोटी-छोटी गलियों में भी पर्यटकों की चहल-पहल से रौनक बढ़ गई। यहां पहुंचने वाला हर एक पर्यटक पुष्कर की विश्व प्रसिद्ध होली के रंगों में सराबोर होकर उन्हीं रंगों में मस्त नजर आया।

- पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए

वहीं ला बेला होली मंडल के युवाओं के तत्वावधान में स्थानीय वराह चौक पर चल रहा सतरंगी होली महोत्सव मनाया। धुलंडी के एक दिन पूर्व रात रात को हजारों देशी-विदेशी सैलानियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर राजस्थानी ढोल की थाप पर खूब डांडिया रास किया। खास बात यह है कि आयोजन के दौरान पुष्कर के प्रसिद्ध ढोल वादक आरुष एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा जब राजस्थानी नृत्य की धुनें बजाई गई तो वहां पर मौजूद हर कोई शख्स नाचने पर मजबूर हो गया। इस दौरान यहां विशाल स्तर पर होली दहन का आयोजन भी किया। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए।



पुष्कर आये देशी-विदेशी पर्यटकों ने जमकर होली खेली।

# महुकलां में नाल दंगल का आयोजन हुआ

## हेमराज चूली 102 किलो की नाल उठाकर नाल केसरी बने

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** धुलण्डी के अवसर पर ग्राम पंचायत महुकलां में वार्षिक नाल दंगल का आयोजन किया गया। आम बस्ती महुकलां द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दूर-दराज से पहलवान पहुंचे। प्रतियोगिता में 68 किलो से लेकर 102 किलो तक की नाल उठाने का मुकाबला हुआ। हेमराज चूली ने 102 किलो की नाल उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महुकलां के परसा पहलवान ने दूसरा स्थान हासिल किया। छर्रा के भोला पहलवान, महुकलां के वीरू पहलवान और चूली के विक्की पहलवान ने 97 किलो की नाल उठाई। 92 किलो की नाल उठाने वाले पहलवानों में पीतमपुरा के टीकम पहलवान, अभिमन्यु पहलवान, प्रभु पहलवान, हरजनपुर के शिवराज गुर्जर और खानपुर बडौदा के भूरा पहलवान शामिल रहे। विजेता पहलवानों को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन कमेटी ने पूर्व विजेताओं का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में पंच हुकम पटेल, भम्मल पटेल, अमर सिंह पटेल समेत कई व्यक्ति मौजूद रहे। मैच रेफरी हरकेश भाई ने प्रतियोगिता का संचालन किया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दंगल का आनंद लिया। उन्होंने सभी पहलवानों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया और होली की शुभकामनाएं दीं।



नाल दंगल में जोर अजमाइश करते पहलवान।

# होटल में कमरा मांगा, नहीं दिया तो गर्म दूध उड़ेला

**बगड़, (निसं)।** बगड़ थाना इलाके की बगड़ बायपास पर बदमाशों ने एक होटल में अनैतिक गतिविधि के लिए कमरा मांगा। मना करने पर होटल संचालक पर गरम दूध उड़ेल दिया और फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने इनमें से तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनका पहले से भी क्राइम रिकॉर्ड है।

जानकारी के मुताबिक नाटास निवासी राजकुमार जाट ने बगड़ बायपास पर एक होटल कर रखा है। राजकुमार के पास दिन में दो युवक आए। जिन्होंने कहा कि उन्हें रात को एक कमरा चाहिएगा। वे एक लड़की लेकर आएंगे। राजकुमार जाट ने इस तरह अनैतिक गतिविधियों के लिए जगह ना होने की बात कही। बातों ही बातों में युवकों ने होटल संचालक से बहस करनी शुरू कर दी। यही युवक रात को फिर अपने साथियों के साथ होटल आए और आते ही राजकुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। जैसे-तैसे राजकुमार ने खुद को बचाया तो गैस पर गरम हो रहे दूध के बर्तन को पूरा का पूरा राजकुमार पर फेंक दिया। जिससे राजकुमार का आधा शरीर जल गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। राजकुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बगड़ पुलिस ने राजकुमार को अस्पताल पहुंचाया। वहीं आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिसे को सूचना मिली कि इस वारदात में शामिल पिलानी थाना इलाके के सुलताना का बास निवासी 25 वर्षीय प्रवीण कुमार पुत्र श्यामकिशोर गुर्जर को गुढ़ागौड़जी ने उसके सात अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके बाद बगड़ पुलिस प्रवीण को बगड़ लाई। पूछताछ के बाद प्रवीण व उसके दो और साथी बुहाना थाना इलाके के झांझा निवासी 29 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पुत्र भूपसिंह अहीर तथा हरियाणा के महेंद्रगढ़ सदर थाना इलाके के दूलोठ अहीर निवासी 27 वर्षीय सोनू पुत्र धर्मेंद्र अहीर को गिरफ्तार कर लिया है। शेष साथियों की तलाश की जा रही है। प्रवीण गुर्जर पर खेतड़ी, खेतड़ीनगर, नीमराना, सदर महेंद्रगढ़ व बगड़ थाने में पूर्व से मामले दर्ज है। वहीं सोनू अहीर के खिलाफ दो तथा धर्मेंद्र के खिलाफ एक मामला पूर्व में दर्ज है।

# प्रागपुरा कस्बे में होलिका दहन से पूर्व होलिका में आग लगी

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा गांव में होलिका दहन से पूर्व ही दोपहर करीब बारह बजे होलिका में अचानक आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा तब हुआ जब महिलाएं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका की पूजा कर रही थी।

बताया जा रहा है कि पूजा के दौरान दीप प्रज्वलित करते समय होलिका में डाले गए सूखे उपले, कागज व लकड़ियों ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरी होलिका जलने लगी। आग लगते ही पूजा कर रही महिलाओं ने शोर मचाया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग नहीं बुझी। लकड़ी और

- आग लगने से महिलाओं में अफरा-तफरी मची
- दमकल की सहायता से आग पर पाया काबू, हादसा टला

सूखे उपलों की वजह से आग ने तेजी से फैल गई।

घटना की जानकारी पावटा प्रागपुरा नगरपालिका दमकल कर्मचारियों को दी गई, जहां सूचना मिलने के बाद भी दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। हालांकि, बाद में दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। गौरतलब है कि प्रागपुरा गांव में हर साल होलिका दहन के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लेते हैं। इस दौरान सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की जाती है और पारंपरिक ढंग से होलिका दहन किया जाता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और दमकल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि अगर समय पर दमकल पहुंच जाती तो आग को और जल्दी बुझाया जा सकता था।

# पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा पर एक और केस दर्ज

**झुंझुनूं, (निसं)।** पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा पर तीन महीने में तीसरा केस दर्ज हो गया है। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा पर कोतवाली में दूसरा और झुंझुनूं जिले में तीसरा केस दर्ज हो गया है। ये केस दर्ज होने का सिलसिला दिसंबर 2024 में शुरू हुआ था। जब कान्हा पहाड़ के पास आवंटित खान मालिक श्याम सिंह कटेवा ने पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा और उनके समर्थक इब्राहिम खान समेत 12 जनों पर उसके लीज क्षेत्र में घुसने, जान से मारने की कोशिश करने, भीड़ इकट्ठा कर उसे उकसाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज करवाया था। अब श्याम सिंह कटेवा ने एक और मामला पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा पर दर्ज करवाया है। आरोप लगाया कि 11 मार्च को एक बार फिर पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा और उनके समर्थक इब्राहिम खान समेत आठ नामजद व अन्य 100-125 लोग बिना किसी अनुमति के अनाधिकृत रूप से उसको आवंटित लीज क्षेत्र में घुस आए। तारबंदी को तोड़ दिया और टैंट लगाने के अलावा उसे जान से मारने की धमकी दी। कटेवा ने आरोप लगाया कि गुढ़ा उन पर लगातार मंथली देने का दबाव बना रहे हैं। भीड़ को उकसा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल नारायण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गुढ़ा पर दो महीने पहले गुढ़ा में भी सीआई आशाराम गुर्जर ने रास्ता जाम करने और भीड़ को उकसाने जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस तरह तीन महीनों के दरमियान गुढ़ा पर अब तीसरी एफआईआर दर्ज की गई है।

# ट्रैक्टर की क्रशर मशीन में आने से युवक की मौत

**मसूदा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के ग्राम केसरपुरा में ट्रैक्टर की क्रशर मशीन में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जानकारी के अनुसार मृतक भंवर सिंह अमरपुरा निवासी जो कि अपने खेत पर प्रेशर मशीन से अनाज निकलवाने के लिए गया था तभी ट्रैक्टर चालक ने क्रशर मशीन को लापरवाही पूर्व चालू कर दिया जिससे भंवर सिंह का शरीर मशीन में चला गया जिससे भंवर की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मसूदा एएसआई जीवराज भाटी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया एवं मोर्चरी में रखवा दिया गया। वहीं परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी।

# मां ने मजदूरी कर बेटे को इनकम टैक्स ऑफिसर बनाया

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के टिगरिया ग्राम निवासी एक विधवा महिला घोटा देवी मीणा ने 7 वर्ष पूर्व अपने पति रामचरण मीणा की बीमारी के बाद हुई आकस्मिक मौत के बाद कड़ी मेहनत एवं मजदूरी करके अपने पुत्र अजय कुमार मीणा को पढ़ा लिखा कर इनकम टैक्स ऑफिसर पद पर नियुक्त करवा दिया।

बामनवास उपखंड की बरनाला तहसील के गांव टिगरिया निवासी महिला के पति की सात वर्ष पूर्व आकस्मिक मौत हो गई थी। इस कारण महिला पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा एवं दो बेटों के लालन, पालन एवं पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी भी आ पड़ी। महिला ने गांव में मजदूरी एवं खेती-बाड़ी करके अपने लड़कों को पढ़ाने में जुट गई। महिला को अपने लड़कों की पढ़ाई के लिए कर्ज भी लेना पड़ा आखिर

- ग्रामीणों ने युवक अजय कुमार का स्वागत किया

महिला की मेहनत रंग लाई एवं बुधवार को एएससी, सीजीएल 2024 परीक्षा परिणाम की अंतिम चयन सूची में उसके छोटे पुत्र अजय कुमार मीणा को 68वीं रैंक हासिल हुई एवं उसका चयन इनकम टैक्स इंस्पेक्टर पद पर हो गया। अजय कुमार चयन होने के बाद होली पर जब अपने गांव आया तो ग्रामीणों ने उसे फूल, माला पहनकर स्वागत किया एवं उसका मुंह मीठा कराकर पूरे ग्रामवासियों ने मिठाई बांटकर खाई। इस अवसर पर अजय कुमार मीणा ने बड़े, बुजुर्गों के पैरछूकर आशीर्वाद लिया एवं सफलता का श्रेय अपने पिता रामचरण मीणा एवं माताजी घोटा देवी मीणा को दिया।

# बारिश और ओलावृष्टि से किसान चिंतित

**पदमपुर, (निसं)।** क्षेत्र के बींझबायला के ग्रामीण इलाके में 48, 49 एलएनपी के पास बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। गजसिंहपुर और पदमपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जिले में यह मौसम बदलाव देखा गया। इससे तापमान में गिरावट आ रही है। किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि गेहूं, सरसों और चने की फसलों को नुकसान का खतरा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, ओलावृष्टि से दानों के खराब होने और पौधों की वृद्धि में रुकावट आ सकती है। गेहूं और सरसों की फसलें इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकती हैं। जिले में कई जगह फसलें पककर तैयार हैं। तेज बारिश से इन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है। इस स्थिति से किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

# निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान युवक की गलत आंत काटी, मौत

## परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टरों पर हत्या का आरोप लगाया

**जालोर, (नि.सं.)।** जालोर जिले में एक अस्पताल की लापरवाही का मामला सामने आया है। जालोर शहर के श्रीराम हॉस्पीटल में एक युवक की ऑपरेशन के दौरान गलत आंत काटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में करीब तीन घंटे तक हंगामा किया और डॉक्टरों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले को संभालते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार रूगाराम गर्ग की तबीयत नौ मार्च को अचानक खराब

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया

हो गई थी, जिसके बाद उन्हें श्री राम हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनकी जांच करके आंतों का ऑपरेशन करने की सलाह दी और 10 मार्च को ऑपरेशन किया गया। हालांकि, ऑपरेशन के दौरान गलत आंत काटने से रूगाराम की हालत बिगड़ गई और उन्हें जोधपुर के श्री राम हॉस्पीटल में रेफर किया गया। वहां दूसरे ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने मृतक के शव को जोधपुर से वापस जालोर लाकर अस्पताल के गेट पर रख दिया और करीब तीन घंटे तक विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने डॉक्टर सौरभ त्रिवेदी और इंचार्ज डॉक्टर अजाराम चौधरी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और अस्पताल को सील करने की मांग की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की।

# नियुक्ति के आदेश जारी

**जोधपुर, (नि.सं.)।** डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बी एस जोधा ने आदेश जारी कर विभिन्न चिकित्सक शिक्षकों को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है।

आदेश के तहत डॉ. सुनिल कुमार दाधीच, वरिष्ठ आचार्य को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में, डॉ. शुभकरण खींचड़, वरिष्ठ आचार्य न्यूरोलॉजी में, डॉ. कल्पना मेहता वरिष्ठ आचार्य को स्त्री और प्रसूति में, डॉ. सुषमा कुशल कटारिया वरिष्ठ आचार्य को एनाटॉमी में, डॉ. नवनीत अग्रवाल, वरिष्ठ आचार्य को, डॉ. सुनील कुमार कोठारी, वरिष्ठ आचार्य को शिशु सर्जरी में, डॉ. पंकज राव, आचार्य को चर्म एवं रति में, डॉ. अरविन्द चौहान, वरिष्ठ आचार्य को नेत्र में, डॉ. मनीष परिहार वरिष्ठ आचार्य को फिजियोलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# सावर में बैंडबाजों के संग निकाली बिना फेरे, बिना दुल्हन की बारात

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** रंगों का त्योहार होली भुसावर कस्बा सहित ग्रामीण अंचल में प्रेम, सौहार्द व आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया। प्रेम, सौहार्द के इस पावन पर्व पर सुबह से ही होली के रंगों में सरोबार नजर आए बच्चों एवं युवाओं की टोलियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और फागोत्सव की मस्ती में नजर आए।

जानकारी के अनुसार भुसावर कस्बे में चप्पे-चप्पे पर पुलिस व्यवस्था माकूल नजर आई जो असामाजिक

- भुसावर कस्बे में चप्पे-चप्पे पर पुलिस व्यवस्था माकूल नजर आई

तत्वों पर अपनी निगरानी बनाए रखी।

कस्बे में धूलंडी के दिन एक युवक को खिरकारी में होली का दूल्हा बना कर ऊंट पर बैठा कर बैंडबाजों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर बारात निकाली गई जो पिछले ढाई सौ वर्ष से अनवरत जारी है, जिसमें रंग-बिरंगे पुते चेहरे के बाराती हाथों में गुलाल, अबीर उड़ाते हुए बैंडबाजा पर बज रहे होली के गीतों पर नृत्य करते हुए जयघोष लगाकर चल रहे थे। वहीं कस्बेवासियों ने अपने घरों की छतों पर चढ़कर गुलाल एवं रंग डालते हुए बारात का स्वागत किया। भुसावर कस्बे में अनोखी इस होली की बारात कस्बे के जैन गली स्थित जैन मंदिर पहुंची, जहां होली का दूल्हा बने युवक ने तोरण मारा। वहीं शगुन के तौर पर होली का दूल्हा बने युवक की पदवेशों से पिटाई की गई और अगले वर्ष मिलने की कहकर होली का आनंद लेते हुए अपने-अपने घरों को विदा हो गए।

वहीं बुजुर्ग कुंजीलाल शर्मा फूफाजी, टिल्लाराम अरोड़ा, पंडित राघवेंद्र शर्मा, सेवक महेशचन्द जती ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के दूल्हे को गंधर्व पर सवार होकर दूल्हा बनाकर जैन मंदिर लाया जाता था, लेकिन गंधर्व की कमी होने के कारण अब ऊंट पर लाया जाता है। वहीं किदवंती है कि जिस युवक की शादी नहीं हो रही है और कोई व्यवधान, अड़चन उत्पन्न हो रही है, उसे सर्वसम्मति से होली का दूल्हा बनाया जाता है, जिससे उसकी शादी अगले साल तक हो जाती है।



कस्बेवासियों ने अपने घरों की छतों पर चढ़कर गुलाल एवं रंग डालते हुए बारात का स्वागत किया।

# कैमरी गांव में डोलची होली देखने उमड़े लोग

## जगदीश चौक में खेली जाने वाली डोलची होली में देवरों ने बरसाये रंग, भाभियों ने कोड़े मारे

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्यौहार पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जगदीश धाम कैमरी के मंदिर प्रागंण में स्थित जगदीश चौक में खेली जाने वाली डोलची होली में शनिवार को रंगों के साथ जमकर कोड़े बरसे जिन्हें देखने के लिए हज़ारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा।

गुर्जर जाति के बारह गांव खटाना गौत्र की ओर से सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह होली पुरानी परंपरा व संस्कृति को जीवंत किये हुए हैं। जगदीश चौक में बैंड-बाजे की धुन पर 12 गांवों के महिला व पुरुषों (देवर-भाभी) ने हर्षोल्लास के साथ डोलची में रंग भरकर रिश्ते में अपनी भाभी लगने वाली महिलाओं पर रंग बरसाया। महिलाओं ने पुरुषों पर कोड़े बरसाए। रंगों की बौछार से माहौल सतरंगी हो गया। डोलची होली देखने के लिए 12 गांव खटाना परिवार सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज सहित करौली, दौसा, सवाई माधोपुर, भरतपुर सहित अन्य जिलों के हज़ारों लोग पहुँचे। डोलची होली की शुरुआत दोपहर को कैमरी को बसाने वाले सूडा बाबा के स्थान पर बारह गांवों के पंच-पटेलों ने विशेष पूजा-अर्चना की।

पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने बताया कि दोपहर दो बजे से शाम तक डोलची होली खेलने का कार्यक्रम जारी रहा जिसमें 12 गांव की सात पीढ़ियों के महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया। डोलची होली में महिलाओं व पुरुषों ने नृत्य किया। पंच पटेलों ने लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि डोलची खेलने के बाद नाल प्रतियोगिता सहित घोड़ा घौड़ी दौड़ का आयोजन किया जाता है जिसमें सैकड़ों प्रतिभागी भाग लेते हैं।

श्रेष्ठ आने वाले प्रतिभागी को जगदीश मंदिर कमेटी अध्यक्ष घनश्याम खटाना सहित अन्य सदस्यों द्वारा भगवान की प्रतिमा, दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया। मंदिर ट्रस्ट व ग्राम पंचायत कैमरी की ओर से होली खेलने वाली महिलाओं को मिठाई वितरित की गई।

कार्यक्रम में जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, उपाध्यक्ष कैप्टन राजाराम खटाना, कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना, सचिव रामविलास खटाना, पूर्व कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना सेना मैडल, प्रवक्ता सियाराम वकील, हंसराज सरपंच, हवलदार बहादुर सिंह नयापुरा, शेरसिंह खटाना, भूपेन्द्र खटाना अधैत, मुरारीलाल नेता, चिरंजीलाल थानेदार, कैप्टन रतनसिंह, दयाराम ठेकेदार, सुग्रीव सरपंच अधैत, संतराम सरपंच, मेढ़े का पूरा सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट कप्तान खटाना, कैमरी सरपंच प्रतिनिधि अतराज खटाना, सुरेन्द खटाना, पवन खटाना, राजेश बोटू, राजेश खटाना, जयवीर खटाना सहित हज़ारों ग्रामीण मौजूद रहे।

इंजी. भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि पुरानी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए पीढ़ी के अनुसार अलग-अलग खाने बनाकर देवर व भाभी डोलची होली खेलते हैं। इसमें कैमरी परिक्षेत्र के गुर्जर जाति के खटाना परिवार के 12 गांवों के महिला-पुरुष भाग लेते हैं। खेड़ में पानी भरकर रंग खोला जाता है। देवर विशेष प्रकार का पात्र जिसे डोलची कहते हैं में रंग भरकर भाभी पर डालते हैं। भाभी अपने बचाव के लिए देवर पर प्यार से कोड़े बरसाती है। प्रेमरंग में डूबे देवर मार की परवाह किये बिना रंग डालते हैं। महिलाएं होली खेलने के साथ साथ नृत्य करती है। देवर व भाभी के प्यार का प्रतीक डोलची होली खेलने का लोग वर्षभर इंतजार करते हैं।

- गुर्जर जाति के बारह गांव खटाना गौत्र की ओर से सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह होली पुरानी परंपरा व संस्कृति को जीवंत किये हुए हैं
- 12 गांव की कई पीढ़ियों के महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया, डोलची होली में महिलाओं व पुरुषों ने नृत्य किया, पंच पटेलों ने लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी



जगदीश धाम कैमरी के मंदिर प्रागंण में स्थित जगदीश चौक में डोलची होली खेली गई।



मुझे कड़ी मेहनत करते रहना है। 2025 में बहुत सारे अहम टूर्नामेंट हैं, इसलिए मैं उस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं सभी फॉर्मेट में सुधार करना चाहता हूं और उम्मीद है कि भगवान की कृपा से अच्छी चीजें होंगी। - डी. गुकेश

शतरंज खिलाड़ी, तिरुपति बालाजी मंदिर में अपने बाल दान करने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** लक्ष्य सेन



**लक्ष्य सेन** की ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन 2025 का खिताब जीतने की उम्मीदें शुक्रवार, 14 मार्च को खत्म हो गईं। 2022 के फाइनलिस्ट को बर्मिंघम में चीन के उच्च रैंकिंग वाले ली शि फेंग के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सीधे गेमों में 10-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को बुधवार को गत चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी पर अपनी जीत में दिखाई गई लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा, एकतरफा मुकाबले में वह हार गए जो सिर्फ 35 मिनट तक चला। पेरिस ओलंपिक में पदक से मामूली अंतर से चुके 2022 के उपविजेता सेन ने अच्छी शुरूआत की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर में सबसे ज्यादा 463 मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया हुआ है.

# रोहित की टेस्ट कप्तानी को जीवनदान मिला

नई दिल्ली, 15 मार्च। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती। जिस कारण उनकी टेस्ट कप्तानी को भी जीवनदान मिला है। बताया जा रहा है कि जून से अगस्त के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में भारत का प्रदर्शन काफी खराब था। इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उठने लगे थे। यहां तक कि आखिरी टेस्ट में रोहित ने खुद को टीम से बाहर कर लिया था। इस टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने भारत की कमान संभाली थी।अब चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद रोहित को बीसीसीआई का पूरा समर्थन मिला है।



इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बोर्ड और चयनकर्ता रोहित को एक और बड़े टूर पर बतौर कप्तान भेजने का फैसला किया है। बोर्ड का कहना है कि रोहित ने साबित कर दिया है कि वह क्या कर सकते हैं। हर किसी को लगता है कि इंग्लैंड दौरे पर भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे उपयुक्त हैं। रोहित ने भी अभी रेड बॉल क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई है।

इससे पहले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित ने खुद कहा था कि वह रिटायर नहीं होने जा रहे हैं। हालांकि, जब उनसे 2027 के वनडे वर्ल्ड कप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी योजना का खुलासा नहीं किया था। रोहित ने आईसीसी से कहा कि मैं अच्छा खेल रहा हूं। मैं टीम के साथ जो भी कर रहा हूं, उसमें मजा आ रहा हूं। टीम को भी मेरे साथ अच्छा लग रहा है। ये बहुत अच्छी बात है। मैं अभी 2027 के लेकर कुछ नहीं कह सकता हूं, क्योंकि इसमें काफी समय है। क्योंकि इसमें काफी समय है। लेकिन मैंने अपने सभी विकल्प खुले रखे हैं।

## बॉक्सिंग फैडरेशन का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, 15 मार्च। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को खारिज कर दिया गया। जिसके बाद कहा गया कि, वह प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं है। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया।बीएफआई ने निर्णय की व्याख्या करते हुए कहा कि, अनुराग ठाकुर का नाम राज्य इकाई ने भेजा था। हालांकि, उन्हें भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के सात मार्च 2025 के नोटिस और भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के उल्लंघन के कारण आयोग्य पाया गया है। सभी संबद्ध राज्य संघों को भेजे गए सात मार्च के नोटिस में कहा गया था कि चुनाव एजीएम के दौरान बीएफआई से संबद्ध राज्य इकाइयों के केवल वास्तविक और विधिवत निर्वाचित सदस्य ही अपने संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत होंगे।बीएफआई के एक सूत्र ने कहा कि, अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश राज्य संघ के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं। इसलिए उनका नाम खारिज कर दिया गया है।

# खेलों के विकास में महिला खिलाड़ियों का योगदान अतुलनीय : विराट कोहली

बेंगलुरु, 15 मार्च। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को देश में महिला खेलों के परिवर्तन के पीछे महिला खिलाड़ियों की भूमिका की सराहना करते हुये कहा कि उनके खुद के प्रयासों से वाणिज्यिक विकास, वित्त पोषण में वृद्धि हुई और आखिरकार महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अस्तित्व में आया।

लीडर्स द्वारा संचालित आरसीबी इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट में बोलते हुए कोहली ने महिला खेलों के बदलते परिदृश्य पर कहा, महिला एथलीटों ने खुद पर ध्यान आकर्षित किया, जिससे वाणिज्यिक विकास हुआ, वित्त पोषण में वृद्धि हुई और अंततः डब्ल्यूपीएल का निर्माण हुआ। कोहली ने खेल विकास के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि महिला



खेल इस पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी देश में खेल के सुधार के लिए पुरुषों को देखते हुए यह सामूहिक होना चाहिए। खेल संस्कृति में सभी शामिल हैं, और महिला खेल इसका एक बड़ा हिस्सा है।

## आरसीबी से जुड़े विराट कोहली

नई दिल्ली, 15 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। सभी टीमें जोरो शोरो से तैयारी कर रहे हैं। आरसीबी टीम 17 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अनबॉक्स इवेंट आयोजित करने जा रही है। इससे पहले टीम में शामिल स्टार प्लेयर विराट कोहली बैंगलुर पहुंच गए हैं। इस दौरान कोहली का स्टाइलिश अंदाज देखा गया जहां वो गाड़ी से हीरो की तरह निकल रहे हैं। विराट कोहली का गाड़ी से निकलने वाला वीडियो आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया है। जिसमें आप देख सकते हों कि, कोहली ग्रे रंग के ट्रॉउजर और ब्लू रंग की शर्ट में स्टाइलिश नजर आ रहे हैं।

## इंडियन वेल्स के फाइनल में एंड्रीवा का सामना सबालेंका से

कैलिफोर्निया, 15 मार्च। उभरती हुई रूसी स्टार मीरा एंड्रीवा 2001 के बाद से इंडियन वेल्स में महिला फाइनल में पहुंचने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन गईं, उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को हराया। उन्होंने फरवरी में दुबई में क्वार्टर फाइनल चरण में इगा को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया जिसके बाद लगातार दो टूर्नामेंट में उन्होने दूसरी बार विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी को हराया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा ने एकतरफा मुकाबले में दूसरा सेट हारने के बाद वापसी करते हुए अनुभवी पोल को 7-6 (7-1) 1-6 6-3 से हराया। फाइनल में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा।बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अमेरिकी मैडिसन कीज़ से मिली हार का बदला लेते हुए 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। नौवीं वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने अंतिम सेट में अपनी वापसी पर कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी घबराहट और दबाव से बहुत अच्छी तरह निपट रही थी, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है। दूसरे सेट में जब उसने मुझे सचमुच हरा दिया, तो मैंने सोचा शायद मैं लड़ने की कोशिश करूँगी। मैं इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती थी। वह कमाल का खेल रही थी।

## महिला क्रिकेट विश्वकप क्वालीफायर 9 से पाक में

दुबई, 15 मार्च। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 में अंतिम दो स्थानों के लिए छह टीमों के बीच नौ से 19 अप्रैल तक क्वालीफायर टूर्नामेंट पाकिस्तान में खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट के सभी 15 मैच पाकिस्तान में लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और लाहौर सिटी क्रिकेट एसोसिएशन (एलसीसीए) स्टेडियम में नौ से 19 अप्रैल खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट की शीर्ष दो टीमें भारत में अक्टूबर और नवंबर में होने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप में खेलेंगी। क्वालीफायर के छठे संस्करण में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें चार पूर्ण सदस्य - पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बंगलादेश और आयरलैंड शामिल हैं। स्कॉटलैंड और थाईलैंड टूर्नामेंट की अन्य दो टीमें हैं। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और मेज़बान भारत 10 टीमों वाली आईसीसी महिला चैंपियनशिप (2023-25) में शीर्ष छह में रहने के कारण पहले ही विश्वकप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। क्वालीफायर का पहला मुकाबला नौ अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच होगा। वहीं वेस्टइंडीज का मुक़ाबला एलसीसीए में स्कॉटलैंड से होगा।अगले दिन बंगलादेश और थाईलैंड एलसीसीए में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, ये छह टीमें महिला क्रिकेट विश्व कप से बस एक कदम दूर हैं और मुझे यकीन है कि वे प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार होंगी। आईसीसी की ओर से, मैं सभी भाग लेने वाली टीमों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि भारत में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तौर पर लाहौर में कुछ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने को मिले।

# एनसीए से फिट घोषित होने पर ही आईपीएल में खेल सकेंगे बुमराह

मुम्बई, 15 मार्च। अपनी चोट से अभी पूरी तरह नहीं उबर पाये भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के चिकित्सा दल द्वारा फिट घोषित किये जाने पर मुंबई इंडियंस के लिए खेल सकेंगे। ऐसी जानकारी मिली है कि अप्रैल में शुरुआत में बुमराह मुंबई इंडियंस की टीम के साथ जुड़ेंगे। बुमराह एमआई के साथ तभी जुड़ सकेंगे जब एनसीए का चिकित्सा दल उन्हें फिट करार देगा।

बुमराह अपने पीठ के निचले हिस्से में खिचाव संबंधी चोट से उबर रहे हैं। उन्हें चार जनवरी को सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट के



दूसरे दिन यह चोट लगी थी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि बुमराह को बीसीसीआई मेडिकल टीम द्वारा कम से कम पांच हफ्ते (एससीजी टेस्ट से) आराम करने की सलाह दी है

आईपीएल 2025 में एमआई 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। उसके बाद वे 29 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) से खेलेंगे। एमआई का पहला घरेलू मैच दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ होगा। इसके बाद वे अप्रैल के पहले हफ्ते में दो मैच खेलेंगे जिसमें 4 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ लखनऊ में और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घर में।

## इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में भिड़ेंगे ड्रेपर और अल्काराज

कैलिफोर्निया, 15 मार्च। इंग्लैंड के जैक ड्रेपर ने शुक्रवार को इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर दो बार के गत विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में जैक ड्रेपर ने अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी शेल्टन को 6-4, 7-5 से हराया। ड्रेपर ने कहा, मुझे हमेशा स्वयं पर गर्व रहा है, मैंने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मैं कभी भी किसी चीज से संतुष्ट नहीं होता। मैं हमेशा अधिक जीत और शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने के अधिक अवसर चाहता हूँ।

## जिला क्रिकेट संघ का दो दिवसीय अम्पायर व स्कोरर का सेमीनार आज से जयपुरिया एकेडमी पर आयोजित

जयपुर, 15 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी के द्वारा जिला स्तरीय अंपायर्स व स्कोरर्स का सेमिनार आज से जयपुरिया एकेडमी पर आयोजित किया गया। सेमिनार में जयपुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अंपायर व स्कोरर के साथ ही नए परीक्षा में शामिल होने वाले अंपायर व स्कोरर सहित कुल 57 अंपायर व स्कोरर ने भाग लिया है। सेमिनार में 3 महिला अंपायर व 2 महिला स्कोरर भी शामिल हुई है। सेमिनार में अंपायर फैकल्टी के रूप में कमलेश शर्मा (बी सी सी आई पैनल अंपायर), श्रीवास मंडल (आर सी ए पैनल अंपायर), स्कोरर फैकल्टी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्कोरर ओ पी शर्मा तथा बी सी सी आई स्कोरर तपेश कौशिक ने युवा अंपायर्स व स्कोरर्स को क्रिकेट के नियमो की नवीनतम जानकारी दी तथा अंपायरिंग व स्कोरिंग की तकनीक सिखाई। इस अवसर पर जेडीसीए एडहॉक कमेटी के सदस्य रोहित झालानी, महेश सैनी, पूर्व रणजी खिलाड़ी पंकज गुप्ता व सेमिनार के कॉर्डिनेटर ओम शर्मा भी उपस्थित रहे। नए अंपायर्स व स्कोरर्स की परीक्षा 16 मार्च को आयोजित की जाएगी।

# जतिन के नाबाद शतक तथा तन्मय की गेंदबाजी की मदद से कोडाई एकेडमी की आसान जीत

जयपुर, 15 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा पर खेले गये पूल-बी के मैच में जतिन सैनी 107 रन नाबाद (58 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) के धुआँदार नाबाद शतक तथा तन्मय यादव 21 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की मदद से कोडाई क्रिकेट एकेडमी ने द न्यू जयपुर स्पोर्ट्स को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर द न्यू जयपुर स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तुषार चौधरी 40 रन, आशिष शर्मा 36 रन, तनिश जैन 22 रन, मनिष टांक 21 रन, प्रतीक मान 12 रन, विशाल सिंह 13 रन की पारियों के बावजूद 19.1 ओवर में 158 रन



बनाकर सिमट गई। गेंदबाजी में कोडाई क्रिकेट एकेडमी की ओर से तन्मय यादव 21 रन पर 3 विकेट, हर्षित गौर 14 रन पर 2 विकेट तथा आरव महर्षी, हिमांशु शर्मा, जतिन सैनी तथा भव्य बालिया प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में कोडाई क्रिकेट एकेडमी ने अपना पहला विकेट शिवांजल 2 रन पर ही गवाने के बाद ओपनर जतिन सैनी 107 रन (58 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) ने हर्षित गौर 35 रन के साथ मिलकर 107 रन की साझेदारी निभाकर अपनी टीम को प्रारम्भिक नुकसान से उभारते हुये जीत की ओर ले गये उत्कर्ष सैनी ने भी 10 रन पर तथा सात्विक जैन 4 रन पर नाबाद के सहयोग से विजय लक्ष्य 19.1 ओवर में 159 रन 3 विकेट खोकर बना 7 विकेट से जीत दर्ज कर ली। गेंदबाजी में द न्यू जयपुर स्पोर्टस एकेडमी के रवि मीणा आशिष शर्मा तथा मनीष टांक प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। मैन ऑफ दा मैच जतिन सैनी 107 रन नाबाद (58 गेंद, 8 चौके, 8 छक्के) कोडाई क्रिकेट एकेडमी रहे।





**राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी और गेंदबाजी का जमकर अभ्यास किया।**

## स्पेन के खिलाफ मुकाबले के लिए नीदरलैंड्स की टीम में डेपे की वापसी

द हेग, 15 मार्च। नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोमैन ने शुक्रवार को कहा कि 20 और 23 मार्च को स्पेन के खिलाफ होने वाले नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल के लिए कोरिंथियंस के स्ट्राइकर मेम्फिस डेपे को टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय डेपे की आठ महीने बाद टीम में वापसी हुयी है। पिछले साल 10 जुलाई को उन्होंने अपने देश के लिए अपना आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ यूरो 2024 के सेमीफाइनल में खेला था। पिछले साल सितंबर में ब्राजील के क्लब कोरिंथियंस में ट्रांसफर होने के बाद उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था। डेपे ने अब तक नीदरलैंड के लिए 98 कैप हासिल किए हैं। उन्होंने 46 गोल किए हैं, जो नीदरलैंड्स के लिए 50 गोल करने वाले मौजूदा ऑल-टाइम गोल स्कोरर रॉबिन वैन पर्सी से सिर्फ चार पीछे हैं।

## सीएसके ने आईपीएल के लिए चेन्नई मेट्रो, एमटीसी के साथ किया समझौता

चेन्नई, 15 मार्च। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड और मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के साथ विशेष साझेदारी की घोषणा की, ताकि टीम के घरेलू मैचों के दौरान प्रशंसकों की सुविधाओं में इजाफा किया जा सके। एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेपक सीएमआरएल के साथ साझेदारी के जरिये मैच टिकट वाले प्रशंसक बिना किसी अतिरिक्त कीमत के मेट्रो रेल में यात्रा कर सकते हैं।

# जब वरुण चक्रवर्ती को मिली जान से मारने की धमकी, डिप्रेशन में आ गया था भारतीय गेंदबाज

नई दिल्ली, 15 मार्च। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बेहतरीन गेंदबाजी करके टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण चक्रवर्ती का ताजा खुलासा चौंकाने वाला है। दरअसल, वरुण का कहना है कि 2021 में टी20 वर्ल्ड कप में उनका प्रदर्शन जोरदार नहीं था तो उनको फोन पर धमकी भरे कॉल आए थे।

वरुण ने कहा कि टीम इंडिया का तब सफर जल्दी खत्म हो गया था, तब उनको लगा था कि अब शायद उनका इंटरनेशनल क्रिकेट करियर खत्म हो गया है। ध्यान रहे वरुण का टी20 डेब्यू जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से हुआ था। उसके बाद उनका चयन विराट कोहली के नेतृत्व वाली टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में किया गया था। वरुण ने तब उस टूर्नामेंट के दौरान कुल 3 मैच खेले थे, लेकिन वो एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। वरुण तब दुबई में भारत की 10 विकेट से पाकिस्तान से मिली पाकिस्तान से हार वाली टीम के भी सदस्य थे। जो किसी भी वर्ल्ड कप में भारत की पाकिस्तान से पहली हार थी।

वरुण ने यूट्यूब शो में मशहूर एंकर गोबीनाथ से कहा कि, ये मेरे लिए एक बुरा समय था। मैं डिप्रेशन में था क्योंकि मुझे लगा कि मैं वर्ल्ड कप के लिए चुने जाने के बाद जस्टिस नहीं कर पा रहा हूं। मुझे एक भी विकेट नहीं ले पाने का अफसोस था। उसके बाद तीन साल तक मेरा सेलेक्शन नहीं हुआ, इसलिए मुझे लगा कि टीम में वापसी मेरे डेब्यू से कहीं ज्यादा कठिन थी।

चक्रवर्ती ने आगे कहा कि, मुझे अपने बारे में बहुत कुछ बदलना पड़ा। मुझे अपना रूटीन, प्रैक्टिस बदलना पड़ी। पहले मैं एक सत्र में 50 गेंदों का अभ्यास करता था, मैंने इसे दोगुना कर दिया। बिना ये जाने कि सेलेक्टर मुझे वापस बुलाएंगे या नहीं। ये मुश्किल था। तीसरे साल के बाद मुझे लगा कि सब खत्म हो गया है। हमने आईपीएल जीता और फिर मुझे कॉल आया उसके बाद मैं बहुत खुश था। उन्होंने कहा कि, तब 2021 वर्ल्ड कप के बाद मुझे धमकी भरे कॉल आए थे। कहा गाया कि भारत मत आना। लोग मेरे घर आए, मुझे ढूंढ़ने लगे- मुझए कई बार छिपना पड़ा। जब मैं एयरपोर्ट से लौट रहा था तो कुछ लोग अपनी बाइक पर मेरा पीछा कर रहे थे।

## इंडियन सुपर लीग ने की प्लेऑफ की तारीखों की घोषणा

मुंबई, 15 मार्च। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को 2024-25 सत्र के लिये प्लेऑफ की तारीखों की घोषणा कर दी। प्रतियोगिता का लीग चरण 12 मार्च को समाप्त होगा। नॉकआउट 29 और 30 मार्च को खेले जाएंगे, इसके बाद 2-3 और 6-7 अप्रैल को सेमीफाइनल होंगे। 2024-25 सीजन का बहुप्रतीक्षित फाइनल 12 अप्रैल को खेला जाएगा। मोहन बागान एसजी ने लगातार दूसरे सीजन के लिए लीग शील्ड जीतकर इतिहास रच दिया है।

## विश्व कप क्वालीफॉयर के लिये नेमार अनफिट

रियो डी जनेरियो, 15 मार्च। घुटने की चोट से उबर रहे ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को बयान जारी कर यह जानकारी साझा की। कोच डोरिवल जूनियर ने कहा कि नेमार, गोलकीपर एडर्सन और डिफेंडर डैनिलो कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैच के लिये फिट नहीं हैं। नेमार के स्थान पर रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एंड्रिक को ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है।



## गुलाबी नगरी में राजस्थान रॉयल्स का होली समारोह

जयपुर, 15 मार्च। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने होली के त्यौहार को रंगों, अंतहीन हंसी और मजबूत टीम भावना के साथ मनाया। खिलाड़ी रंगों के त्यौहार को मनाने के लिए एक साथ आए, गुलाल लगाया, मिठाइयाँ बाँटीं और एक बड़े रॉयल्स परिवार के रूप में इस खुशी के अवसर का आनंद लिया।

# राहुल द्रविड़ दर्द के बावजूद खिलाड़ियों को दे रहे ट्रेनिंग

जयपुर, 15 मार्च। टीम इंडिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले राहुल द्रविड़ को आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपना हेड कोच बनाया। राहुल द्रविड़ के क्रिकेट के प्रति जुनून और निष्ठा के लिए जाना जाता है। उनकी सादगी उनको और खास बनाती है। वहीं द्रविड़ जिस भी टीम से जुड़ते हैं उसे चैंपियन बनाने में जी जान लगा देते हैं। इसी कारण से वह राजस्थान रॉयल्स के कैंप में बैसाखी पर पहुंचे।राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को पैर में चोट लगी है। पूर्व भारतीय कप्तान कर्नाटक में अपने बटे अन्वय द्रविड़ के साथ कुछ क्लब क्रिकेट खेल रहे थे और ऐसा लगता है कि इस दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई है। हालांकि, ये चोट भी उन्हें टीम से दूर नहीं



रख सकी।राजस्थान रॉयल्स ने अपने मंगलवार के ट्रेनिंग सेशन का वीडियो शेयर किया है। इस सेशन में राहुल द्रविड़ भी शामिल हुए। द्रविड़ जब गाड़ी से उतरे तो ग्राउंड तक पहुंचने के लिए उन्हें बैसाखी का इस्तेमाल करना पड़ा। वह उसी के सहारे मैदान तक पहुंचे जहां बाकी खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे। द्रविड़ एक कुर्सी पर बैठे और दूसरी पर अपना पांव रखा। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर ध्यान दिया। एक-एक करके खिलाड़ी उनसे मिलने आते रहे। वह टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ऑलराउंडर रियान पराग से बल्लेबाजी को बात करते हुए दिखाई दिए। उन्हें देखकर समझ आ रहा था कि खिलाड़ियों से बात करते हुए अपना दुख दर्द भूल गए थे।




## राजस्थान रॉयल्स और आरएसएससी ने जयपुर में आरसीए अकादमी में वृक्षारोपण अभियान के लिए हाथ मिलाया

जयपुर, 15 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) के सहयोग से आज आरसीए अकादमी में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया, जिसमें पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। इस पहल में राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना के साथ-साथ टीम के खिलाड़ी संदीप शर्मा, ध्रुव जुरेल, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल सिंह राठौर और अन्य ने भाग लिया। आरएसएससी के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने खेल अवसंरचना में हरित पहल के महत्व पर जोर दिया। इस अभियान के साथ, रॉयल्स समुदाय को वापस देने और एक हरित कल को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखते हैं।

## ट्रेन हाइजैक पर भारत ने पाकिस्तान के दावे को खारिज किया

नयी दिल्ली, 14 मार्च। भारत ने बलूचिस्तान में ट्रेन अपहरण की घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से दिय गए बयानों को दृढ़ ता से खारिज कर दिया है और कहा है कि पाकिस्तान को अपनी अंदरूनी विफलताओं के लिए दूसरों को दोष नहीं देना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की ओर से की गई टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, ''हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आधारहीन आरोपों को दृढ़ ता से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं और विफलताओं के लिए दोष दूसरों पर डालने के बजाय अंदर झांकना चाहिए।''

## जबरदस्ती व विरोध नहीं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जीवित करना चाहिए। अगर गैर हिंदी भाषियों को हिंदी से दिक्कत है तो उन पर संस्कृत थोप दी जानी चाहिए।''

इस समय भारत का भाषाई परिदृश्य बहुत ज्यादा ध्रुवीकृत है, ऐसे में कैड्बरी डेयरी मिल्क की अप्रोच महत्वपूर्ण है। इसमें भाषा के इंसानी पहलू को दिखाया गया है कि यह तोड़ने का नहीं जोड़ने का जरिया है और इस प्रकार ब्रांड ने विवाद में पड़े बिना सबको साथ लेकर चलने का संदेश दिया है।

भारत के भाषाई मसले पर इस विज्ञापन का कितना असर पड़ेगा, यह देखा जाना बाकी है। पर एक बात तो तय है कि कैड्बरी डेयरी मिल्क ने वह कर दिया है, जो करने के लिए नेता जूझ रहे हैं, उन्हें विवादित परिदृश्यों के एक ''कॉमन ग्राउण्ड'' नहीं मिल रहा है और कैड्बरी ने बहुत सादगी से वह सब कर दिया है।

## एक दिन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिम्पा और जसवीर सिंह राजा गिल डीडीवीसी में मौजूद थे।

विपश्यना केंद्र के प्रवक्ता ने कहा कि 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पांच मार्च को शुरू हुआ और 16 मार्च, 2025 की सुबह समाप्त होने वाला है। हालांकि, प्रवक्ता ने कहा कि केजरीवाल ने अपने ध्यान शिक्षक से छुट्टी ली और एक दिन पहले ही लौट गए।

# 'हमारी सरकार राज्य में महिलाओं को विकासोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है'

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में ''शक्ति वंदन, भारत के स्व का अभिनन्दन'' महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा

जयपुर, 15 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सशक्त और विकसित देश-प्रदेश बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास की यात्रा अधूरी है।

उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में भी शक्ति के लिए मां दुर्गा, धन के लिए मां लक्ष्मी और बुद्धि के लिए मां सरस्वती की उपासना करने की परम्परा रही है। शर्मा ने कहा कि यह शक्ति वंदन महोत्सव हमारे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। हमारी सरकार राज्य में महिलाओं को विकासोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में ''शक्ति वंदन: भारत के स्व का अभिनंदन महोत्सव'' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने जीवन और कार्यों से एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महेश्वर में स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास कर दुनिया को महेश्वर साड़ी की सौगात दी। वे एक साहसी योद्धा, सक्षम प्रशासक और सनातन संस्कृति की समर्पित संरक्षिका थीं।

- **कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी भी देखी और कहा कि रानी अहिल्याबाई ने महेश्वर में हथकरघा का विकास किया व महेश्वर साड़ी की सौगात दी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधी आबादी की उन्नित और प्रगति में विश्वास रखते हैं। यह महोत्सव प्रधानमंत्री के ''वोकल फॉर लोकल'' अभियान के तहत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है। हाल ही में होली के पावन अवसर पर सरकार ने स्वयं सहायता समूहों की माताओं-बहनों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर तीन दिवसीय 'नारी शक्ति वंदन: भारत के स्व का अभिनंदन' महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने शक्ति वंदन पुस्तक में उद्यमी महिलाओं के लिए संदेश लिखा। शर्मा ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और प्रदर्शनी के ''रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल'' आधारित उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री को अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित, जनप्रतिनिधिगण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमी एवं बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## रूस बातचीत से पहले...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर लिया है, जिसमें एक महीने का युद्धविराम तुरंत लागू होना था। अब गेंद रुसियों के पाले में है।

अब हो यह रहा है कि रुस अधिक से अधिक सैन्य दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि वो अमेरिका के साथ वार्ता में इसका इस्तेमाल कर सके। उदाहरण के लिए, कुर्स्क क्षेत्र पर रुस का कड़ा नियंत्रण, यूक्रेन व अमेरिका के लिए सौदेबाजी का एक बड़ा हथियार है।

इस संदर्भ में उच्च रुसी सहायकों द्वारा दिए गए संकेतों और रुसी राष्ट्रपति के नवीनतम आचरण से यह प्रतीत होता है कि वे अमेरिकी शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की जल्दबाजी में नहीं हैं। वार्ता की टेबल पर आने से पहले वो पूरी स्थिति पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना चाहते थे। इससे अमेरिका की स्थिति व नियंत्रण कमज़ोर हो रहा है।

यदि ऐसा होता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों के लिए यह एक सीधा अपमान होगा। उसके बाद ट्रंप, रुसियों को पलटवार में एक सख्त पाठ पढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं।

कुछ अमेरिकी सूत्रों ने पहले से ही यह संकेत दिया है कि खुफिया जानकारी का आदान प्रदान, जो निलंबित कर दिया गया था, वो शुरु हो चुका है और अन्य खुफिया जानकारियाँ फिर से आ रही हैं। समय आने पर, यदि वार्ताएं विफल हो जाती हैं, जिन्हें यूक्रेन पहले ही दबाव में आकर स्वीकार कर चुका है, तो अमेरिका पूरी ताकत से हस्तक्षेप कर सकता है।

## 'हम केन्द्र के शिक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तमिल भाषा में भारतीय मुद्रा के लिये प्रयुक्त हुआ है। लोगो में एक कैप्शन भी था ''सबके लिये प्रत्येक चीज।'' यह कैप्शन सरकार के समावेशी मॉडल का परिचायक है, क्योंकि सत्तारुढ़ द्रमुक तमिलनाडु सरकार के समावेशी होने का दावा करती है।

तमिलनाडु सरकार पर प्रहार करते हुये, राज्य के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि ''रुपये के प्रतीक को तमिलवासी उदय कुमार ने ही डिज़ायन किया था। वे द्रमुक विधायक के पुत्र हैं। उन्होंने लिखा, स्टालिन, आप किस हद तक मूर्ख हो सकते हैं?'' उन्होंने 2024-25 के तमिलनाडु बजट का लोगो ने भी शेयर किया, जिसमें भारतीय रुपये का प्रतीक था। गौरतलब है कि तमिलनाडु के राज्यपाल ने अभी कोई अधिकृत बयान नहीं दिया है।

तमिलनाडु सरकार का यह कदम भाजपा के लिये एक ऐसा हथियार बन गया है, जिसके जरिये वह सभी मंचों पर द्रमुक को पछाड़ सकती है।

तमिलनाडु और केन्द्र के बीच यह रस्साकसी उस समय शुरु हुई, जब राज्य सरकार ने नैशनल एजुकेशन पॉलिसी, जिसमें राज्यों को त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने के लिये बाध्य किया गया है, को लागू करने से इनकार कर दिया था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियमों के अनुसार, राज्यों को एनईपी गाइडलाइन्स की अनुपालना करनी होगी, ताकि उन्हें एसएसए की फंडिंग प्राप्त हो सके। केन्द्र इस राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा सभी राज्यों को प्रदान करता है, जिनमें तमिलनाडु भी शामिल है। तीन भाषा फॉर्मूला को स्वीकार करने से इनकार के कारण, केन्द्र ने तमिलनाडु को दिये जाने वाले फन्ड्स रोक लिये हैं।

## पुलिसकर्मियों ने नहीं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होली का बहिष्कार करने पर मजबूर होना बहुत ही कष्टदायक है। बजट विनियोग विधेयक पर बोलते हुए मैंने पुलिस कर्मियों का मैस भत्ता बढ़ाने और डीपीसी से प्रमोशन की मांग को मुख्यमंत्री के सामने उठाया था। मेरी मुख्यमंत्री से भी अपील है कि पुलिसकर्मियों की मांग पर सकारात्मक फैसला करें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पुलिसकर्मी हर पर्व को सौहार्द्र एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए अपने परिवार से दूर कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। कल प्रदेशवासियों ने आनंदमय माहौल में होली मनाई, लेकिन भाजपा सरकार की हठधर्मिता की वजह से आज पुलिसकर्मी होली का बहिष्कार करने को मजबूर हैं।

कर्मचारी संगठनों ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पुलिस कर्मियों की लंबित मांगों का समाधान करने की अपील की है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर कहा है कि पुलिस कर्मियों की वाजिब मांगों को सरकार तक पहुंचाने का कोई मंच नहीं है। अपनी मांगों को सरकारों से मनवाने के लिए पुलिसकर्मी अन्य कर्मचारियों की तरह हड़ताल, धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं, इसलिए सरकार के पास उनकी जायज मांगें नहीं पहुंच पाती हैं। सरकार तत्काल उनकी मांगों पर ध्यान देकर समाधान करे।

## राहुल गाँधी एक सप्ताह की ''मैडिटेशन यात्रा''...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की 12 मार्च को होने वाली मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह मीटिंग राहुल के वियतनाम से लौटने के बाद ही होगी। पंजाब में राज्य कांग्रेस के राजनैतिक मामलों की कमेटी की मीटिंग गुरुवार को हुई, जिसमें नेतृत्व जाट और दलित राजनीति के बीच फंसा नजर आया।

अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग पार्टी में बहुत अलोकप्रिय हो गये हैं। चन्नी ने भी यह साफ कह दिया है कि उनकी रुचि राज्य की राजनीति में है।

पिछली बार, राहुल और प्रियंका गांधी ने चेन्नी को पंजाब के मुख्यमंत्री के रुप में थोप दिया था। उन्होंने यह सोचा ही नहीं था कि ताकतवर जाट सिक्ख लॉबी मुख्यमंत्री के रुप में एक दलित को कभी सहयोग प्रदान नहीं करेगी।

क्या नेतृत्व चन्नी को फिर से पार्टी के चेहरे के रुप में प्रस्तुत करेगा, या स्थिति यथावत चलती रहेगी। भूपेश बघेल, जो इस समय पंजाब प्रभारी हैं, ने अनुशासन के मामले में सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा कर दी है कि नेतागण केवल पार्टी मंचों पर ही बोलेंगे, बाहर नहीं तथा सभी लोग बिना किसी दुर्भावना के, सौहार्दपूर्वक मिलकर काम करेंगे।

यह सीख सैकड़ों बार दी जा चुकी है, लेकिन इसका शायद ही कोई असर हुआ हो। अभी-अभी, राहुल गांधी ने गुजरात की अपनी यात्रा के दौरान बड़े जोर-शोर से यह घोषणा की थी कि राज्य में भाजपा की मदद करने वाले कांग्रेसजनों को बर्खास्त कर दिया जायेगा तथा पार्टी से निकाल दिया जायेगा, भले ही उनकी संख्या कितनी भी ज्यादा क्यों न हो। राहुल गांधी इससे पहले भी ऐसी घोषणाएं कई बार कर चुके हैं, लेकिन जहाँ तक कार्यवाही का प्रश्न है, कभी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर अंदरुनी लड़ाई तथा नेताओं के अहं के टकराव से दूर हटकर, पार्टी को विभिन्न राज्यों की सत्ता में वापस आना है तो राहुल गांधी की पसंद और नापसंद को राजनैतिक व्यावहारिकता तथा दूरदर्शिता के अनुसार ढलना होगा।

- **कांग्रेस में परिवर्तन के बारे में ऐसी घोषणाएं कई बार हो चुकी हैं, पर, क्रियान्विति ज़ीरो रहती है।**
- **कांग्रेस के उसी वरिष्ठ नेता ने इसलिए जोर, देकर कहा कि राहुल को व्यक्तिगत सोच को, व्यवहारिकता का जामा पहनाने की जरूरत है, उनके पास ऐसी सलाह देने वाले नेताओं की टीम बनती नज़र नहीं आती।**

## जेडीसी, जेडीए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को मुहैया कराए। यदि भूखंड नहीं दे पाए तो उसे जमा करवाई गई राशि 6,88,532 रुपए जमा तारीख से 18 फीसदी ब्याज सहित अदा करें। इसके अलावा परिवाद दायर करने की तारीख से एक हजार रुपए हर दिन हर्जाना राशि दी जाएगी। वहीं, क्षतिपूर्ति के लिए उसे 5.21 लाख रुपए हर्जाना भी दिया जाएगा, लेकिन जेडीए ने इस आदेश का पालन नहीं किया है। इसलिए आदेश की पालना करवाई जाए।

गौरतलब है कि परिवादी ने जेडीए की सीकर रोड स्थित आवासीय योजना, रजत विहार में भूखंड के लिए आवेदन किया था। जेडीए ने उसे भूखंड आवंटित भी कर दिया और परिवादी ने भी उसकी पूरी राशि जमा करवा दी, लेकिन परिवादी को ना तो भूखंड का कब्जा दिया गया और ना ही उसकी जमा राशि ही उसे लौटाई गई।

## कम परीक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में याचिका दायर कर कहा कि स्कूल का परीक्षा परिणाम सदैव उत्कृष्ट रहा है। ऐसे में केवल एक साल कम परीक्षा परिणाम आने पर उसे दंडित नहीं कर सकते। इसके अलावा, वरिष्ठ अध्यापकों ने पूरे साल विद्यार्थियों को पढ़ ाया, लेकिन परीक्षा परिणाम कम आया। ऐसे में वरिष्ठ शिक्षकों की एवज में उसे दंडित नहीं किया जा सकता।

ऐसे ही दूसरे मामले में, याचिकाकर्ता व्याख्याता नेमी चंद बलाई जयपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बधाल में हिंदी के व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उनके खिलाफ भी 2018-2019 में कक्षा 12वीं का हिंदी विषय का परीक्षा परिणाम तय मापदंड से कम आने के कारण चार्जशीट दी गई और जुलाई 2021 में दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोक लीं। विभाग ने वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की अवधि दो साल से एक साल कर दी। इसे चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि हर छात्र का पढ़ ने का स्तर एक जैसा नहीं होता है। इसलिए उसे कम परिणाम के लिए दोषी करार देकर दंडित नहीं किया जा सकता। दोनों मामलों में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दंडात्मक कार्रवाई को रद्द कर दिया है।

## चारागाह भूमि से कब्जा नहीं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी पेश करने को कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश नेकीराम व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग की ओर से आदेश की पालना के लिए दो सप्ताह का समय मांगा गया। इस पर अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मामले में 23 मई, 2022 के आदेश की पालना नहीं की गई तो अदालत अधिकारियों को वारंट से तलब कर सकती है। अवमानना याचिका में अधिवक्ता वीपी शास्त्री ने बताया कि चिड़ावा की कई बीघा चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए याचिकाकर्ता ने चिड़ावा तहसीलदार को सूचित किया। तहसीलदार ने 149 अतिक्रमण चिन्हित कर अगस्त, 2021 में कब्जाधारियों को बेदखल करने का निर्णय दिया। वहीं जिला कलेक्टर ने भी तहसीलदार के आदेश को यथावत् रखा। इसके बावजूद भी मौके से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। मामले को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 23 मई, 2022 को चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। इसकी पालना नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर कर दोषी अफसरों पर कार्रवाई की गुहार की गई।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600